हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

9 मार्च, 1978

खण्ड 1, अंक 9

अधिकृत विवरण

विषय सूची

वीरवार, 9 मार्च, 1978

पृष्ठ संख्या

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (9) 1

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए

तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर (9)

32

अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर (9)

38

8 मार्च, 1978 को किए गए बहिर्गमन के सम्बन्ध

में अध्यक्ष महोदय द्वारा अवलोकन (9)

48

वैयक्तिक स्पष्टीकरण–

श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा (9) 48

विशेषाधिकार प्रश्न (9)

49

हरियाणा विधान सभा

वीरवार, 9 मार्च, 1978

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर 1, चण्डीगढ में प्रात 9. 30 बजे हुई ।

अध्यक्ष (ब्रिगेडियर रण सिंह) ने अध्यक्षता की ।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

तारांकित प्रश्न संख्या 213

प्रश्न पूछा नहीं गया क्योंकि माननीय सदस्य श्री शमशेर सिंह सदन में उपस्थित नहीं थे ।

TOURIST CENTRES IN THE STATE

***231. Swami Aditya Vesh :** Will the Education Minister be pleased to state —

(a) the total number of tourist centres at present in the State together with the monthwise and yearwise expenditure incurred and income accrued from the date of each tourist Centre was set up-to-date, separately; and

(b) the total income accrued from the sale of liquor during the period as referred to in part (a) above, separately ?

Education Minister (Col. Rao Ram Singh) :

(a) 24. Statement I and II containing information

in regard to yearwise expenditure incurred on running/managing the tourist centres and income accrued from the each of them from the date of starting, are laid on the table of the House. It is not possible to supply monthwise expenditure incurred and income accrued as the time and labour involved in compilation of this information will not be commensurate with the benefits to be derived therefrom.

(b) As per tentative/unaudited accounts the total income of Rs. 165.68 Lacs accrued to the Haryana Tourism Corporation during the period from 1.9.74 to 31.3.77. Figures of income prior to 1.9.74 cannot be given as during that period accounts in respect of sale of liquor were not maintained separately. Income horn sale of liquor during the year 1977-78 has not yet been compiled and, therefore, cannot be supplied.

STATEMENT-I

Expenditure incurred on Running the Tourist Complexes and income Accrued from them for the Period from 1968-69 to 31.8.74

(Department Period)

(Rs. in Iakhs)

Name of the Centres	1968-69		1969-70		1970-71		1971-72		1972-73		1973-74		1974-75 1.4.74 to 31.874	
	Exp.	Income	Exp.	Income	Exp.	Income	Exp.	Income	Exp.	Income	Exp.	Income	Exp.	Income
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1. 1. Badkhal	-	-	-	-	-	-	1.94	3.28	8.80	9.01	11.47	13.88	7.22	9.49
2. SurjKund	--	-	-	-	-	-	0.49	0.80	1.73	1.65	2.20	2.15	1.30	1.26
3. Magpie		-	-	-	-	-	-	-	-		1.34	1.51	0.94	1.19

4.	Hodel	-	-	-	-	--			-		-	-	-	-
5.	Soh na	-	-	-	-	-	-	-	0.54	0.18	1.21	1.19	0.97	0.87
6.	Sultanpur	-	-	-	-	-	-	-	0.13	0 10	0.40	0.34	0.43	0.40
7.	Dharuhera	-	-	-	-	-	-	-	0.58	0.57	1.43	1.43	0.71	0.67
8.	Gurrgaon	-		-	-	-	-	-	-	--	0.82	0.90	0.83	0.96
9.	Narnaul	-	-	-			-	-	0.38	0.32	1.71	1.62	1.56	1.63
10.	Hissar	-	-	-		-	-	0.21	0.25	3.08	3.32	1.73	4.39	4.09	4.30
11.	Bhiwani	____	_	-		-	-	-	-	-	-	1.33	1.54	1.80	1.83
12.	Jind	-	-	-	-	-	-	-	-	0.65	0.60	1.07	1.08	2.00	2.06
13.	Rohtak (Myna)	-		-	-	-		-	-	-	-	-	-	0.53	0.54
13.	Rohtak(Tilyar)	--		-	--	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
14.	Uchana		--	-	--		-	0.90	1.20	6.33	6.55	18.10	19.22	19.20	19.9

15.	Pipli	-	--	--	-			0.13	0.14	2.58	2.67	2.92	3.08	2.14	2.28
16.	Gharounda	-	-	-	-	--	-	-	-	-	-	0.06	0.09	0.96	0.98
17.	Hathnikund	-	-	-	-	-	-		-	0.03	-	0.05	-	0.30	-
18.	Samalkha	-	-	-	-	-	-	0.04	0.03	0.76	0.65	1.19	1.32	0.82	1.01
19.	Sonepat	-	--	-		-	-	-	-	-	-		-	0.88	0.92
20.	Panipat	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
21.	Pinjore	1.00	1.07	0.50	0.53	0.60	0.66	1.23	1.33	3.08	4.01	3.13	4.84	2.21	3.16
22.	Panchkula	-	-	-	-	-		-	-	2.09	2.13	2.90	3.29	2.68	2.91
23.	Youth Hostel Panchkula	-	-	-	--	-	-	-		-	-	-	-	-	-

G. Total	1.00	1.07	0.05	0.53	0.60	0.66	4.94	7.03	30.76	31.96	55.06	61.87	51.30	56.36

Note : Prior to 1.9.74 the tourist centres were run/managed by the Tourism Department and as such figures of expenditure / income have been given in a separate statement.

STATEMENT II

Expenditure incurred on running of the Tourist Complexes and income accrued from them for the Period from 1.9.74 to 31.3.77

(Corporation Period)

(Rupees in Lakhs)

S. No.	Name of the Centres	1.9.74 to 31.3.75(74-751		1975-76		1976-77	
		Expenditure Rs.	Income Rs.	Expenditure Rs.	Income Rs.	Expenditure Rs.	Income Rs.
1.	Badkhal	10.86	10.82	20.41	20.88	24.63	24.80
2.	Surjkund	1.89	1.56	4.85	5.56	6.73	7.39
3.	Magpie	1.29	1.45	3.15	3.27	3.28	3.50
4.	Hodel	0.86	0.77	4.19	4.18	5.13	5.61
5.	Sohna	1.66	1.50	2.55	2.42	3.76	3.66
6.	Sultanpur	0.52	0.45	1.25	1.13	1.34	1.45

7.	Dharuhera	1.77	1.82	3.43	3.53	4.06	4.31	
8.	Gurgaon	2.69	2.42	4.09	4.03	4.91	5.27	
9.	Narnaul	1.79	1.81	2.44	2.24	2.04	1.97	
10.	Hissar	5.13	5.04	18.38	18.56	19.91	20.15	
11.	Bhiwani	1.89	1.84	3.30	3.29	3.70	3.79	
12.	Jind	1.49	1.33	2.51	2.42	1.81	1.61	
13.	Rohtak (Myna)	3.16	3.26	8.10	8.87	7.05	7.61	
13.	Rohtak (Tilyar)	--	-	-	-	8.35	8.61	
14.	Uchana	34.92	35.90	56.27	58.58	69.18	70.84	
15.	Pipli	2.92	2.89	0.03	6.01	6.34	6.95	
16.	Gharounda	1.08	0.99	0.80	0.83	0.67	0.78	
17.	Hathnikund	0.02	-	0.08	0.01	0.67	0.01	(Closed in Feb.,1977)
18.	Samalkha	1.10	1.05	2.94	3.02	3.57	4.08	

19.	Sonepat -	2.45	2.46	4.40	4.99	4.08	4.61	
20.	Panipat	-	-	-	-	17.13	17.24	
21.	Pinjore	3.77	3.69	6.62	6.93	7.84	8.68	
22.	Panchkula	3.45	3.57	4.77	4.58	4.13	4.06	
23.	Youth Hostel Panchkula.	0.05	0.02	0.09	0.03	0.32	0.22	
24.	Tauru	-	-	-	-	-	-	(Started on 3.10.77)
	G. Total	84.76	84.64	160.65	165.36	210.03	217.32	

Note : 1. Expenditure/income figures for the year 77-78 have not yet been compiled. Moreover according to the Companies Act, the accounts of the Corporation are finalised in the month of June of the Subsequent year.

2. The expenditure/Income for the years 75-76 and 76-77 are based on tentative accounts so far finalised as these are yet to be audited by the Statutory Auditor.

स्वामी आदित्यवेश : क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि– जो सरकार के पर्यटन केन्द्र काफी घाटे में चल रहे हैं, क्या सरकार के पास इनको बन्द करने की कोई योजना विचाराधीन हे?

कर्नल राव राम सिंह : स्पीकर साहब, कल भी मैंने एक जवाब में कहा था कि जो जेस्टेशन पीरियड होता है, और जो होटल बगैरह होते हैं, वह जब शुरू किये जाते हैं तो उसके एक दो या तीन साल. तक वे लौस में जाते हैं और जब उसकी एडवरटाइजमैंट हो जाती है और लोगों को भी पता लग जाता है कि यहां पर एक टूरिस्ट काम्पलेक्स है, उसके बाद वे प्रोफिट में चलते हैं । आमतौर पर यह वर्क आ0ट किया गया है कि पहले 5–6 साल कोई काम्पलैक्स अगर लौस पर जाता है तो उसके बाद वह प्रोफिट में जायेगा । अगर कहीं ऐसा देखा गया कि जेस्टेशन पीरियड के बाद भी कोई काम्पलेक्स लौस में जा रहा है तो उसको बन्द करने पर विचार किया जायेगा ।

स्वामी आदित्यवेश : अध्यक्ष महोदय, अभी मिनिस्टर साहब ने यह फरमाया कि चार पांच साल चलने के बाद अगर कोई काम्पलैक्स घाटे में जायेगा तो उसेके बाद उनको बन्द कर दिया जायेगा, क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि सूरजकुण्ड, होडल, सुल्तानपुर धारूहेडा वगैरह कई ऐसे काम्पलैक्स हैं जोकि काफी घाटे में चल रहे हैं और सरकार का इन पर काफी खर्चा हो रहा

है, क्या सरकार इस तरफ भी ध्यान देने की कृपा करेगी और ऐसे घाटे वाले काम्पलैक्सिज को बन्द करने का विचार करेगी?

कर्नल राव राम सिंह : अध्यक्ष महोदय, इस वक्त तो उनको बन्द करने की सरकार की कोई ऐसी स्कीम विचाराधीन नहीं है । अगर माननीय सदस्य इस बारे में अलग–अलग प्रश्न पूछेंगे तो मैं उन सभी की डिटेल्ड इंफर्मेशन कलेक्ट करके उनको पूरा–पूरा जवाब दे दूंगा ।

स्वामी आदित्यवेश : क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि इन पर्यटन केन्द्रों पर अनाचार के केसिज भी होते हैं, क्या सरकार इनकी रोक थाम के लिये कोई कदम उठाने का विचार रखती है? इसके साथ मैं सरकार से यह भी कहूंगा कि इन पर्यटन केन्द्रों पर बड़ी भारी करप्शन है, जिसके कारण हुडधंग भी होते हैं ।

कर्नल राव राम सिंह : स्पीकर साहब, करप्शन और हुडधंगा मचाने में बड़ा फर्क है जहां तक करप्शन का ताल्लुक है, अगर कोई माननीय सदस्य ऐसा कोई केस प्वायंट आ0ट करेंगे, और अगर वह साबित हो जाता है तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी । इस बात का मैं इस सदन में आश्वासन देता हू कि जनता सरकार करप्शन को बिल्कुल भी टोलरेट नही करेगी । जहां तक हुडधंगा की बात है इसके लिये मैं माननीय सदस्य को बता देना चाहता हूं कि हरेक टूरिस्ट काम्पलेक्स पर या उसके नजदीक

ही पुलिस का पूरा इन्तजाम है । अगर ई वहांपर हुडधंगा मचाता है तो उस के खिलाफ कार्यवाही की जाती है ।

स्वामी आदित्यवेश : अध्यक्ष महोदय, यह जो सरकार को पर्यटन केन्द्र हैं, उनके नजदीक के जो गांव हैं, वहां पर लोगों पर इन पर्यटन केन्द्रों का बड़ा बुरा असर पड़ रहा है, गरीव किसान और मजदूर इन पर्यटन केन्द्रों के शिकार होते जा रहे हैं, क्या ऐसी चीजों को रोकने के लिये सरकार के पास कोई स्कीम है?

कर्नल राव राम सिंह : अध्यक्ष महोदय, जब से मैंने यह पर्यटन विभाग संभाला है, तब से मैं तकरीबन तकरीबन सभी पर्यटन केन्द्रों का विजिट कर चुका हूं और मैंने देखा है कि जो भी नजदीक वाले गांव के लोग हैं, वे इन से बहुत ही खुश हैं, उनको वहां पर नौकरियां मिलती हैं, उनके दूध और अन्य चीजों की बिक्री भी वहां पर होती है और टूरिस्ट काम्पलैक्स में जो लीकर है, वह उन गरीब लोगों की जेब से बाहर कीरू वात– है वे गांव वाले अगर दारू के शौकीन होंगे तो बाहर से कांटरी वाइन ही पीते होंगे । इन केन्द्रों में इस तरह की कोई प्रोवजन नहीं है ।

चौधरी पीर चन्द : क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि जैसे इन टूरिस्ट काम्पलेक्स में घाटा ही चल रहा है,

इसको देखते हुए और टूरिस्ट काम्पलैक्स न बनाने का सरकार का कोई विचार है?

(कोई उत्तर नही दिया गया ।)

चौधरी हरस्वरूप बूरा : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि यह जो पर्यटन केन्द्र सरकार ने खोल रखे हैं, ये सारे के सारे घाटे पर चल रहे है या कोई मुनाफे पर भी चल रहे हैं?

कर्नल राव राम सिंह : अध्यक्ष महोदय, इस बारे में स्टेटमैंट सदस्य महोदय के सामने है । इन टूरिस्ट काम्पलैक्स को पहले डिपार्टमैंट रन कर रहा था । 3 1— 8— 1974 को कारपोरेशन बनाई गई और उस कारपोरेशन में 1— 0 1974 से आज तक जो नुकसान हुआ है, उसकी फिगर्ज दी गयी है, 197 4—7 5 के पहले 6 महीनों में कारपोरेशन को 12 हजार रुपये का नुकसान हुआ, 197 5— 76 में 4 लाख 71 हजार का फायदा हुआ और 197 6—7 7 में भी 7. 21 लाख का फायदा हुआ । यह जो काम्पलैक्स हैं यहां. पर सारी दुनियां के लोग आते हैं, हरियाणा टूरिजम ओर्गेनाईजेशन ही एक ऐसी और्गेनाईजेशन है जिसने घाटा का अवार्ड हासिल किया है और कहीं भी हिन्दोस्तान में किसी और आर्गेनाईजेशन को यह अवार्ड नहीं मिला । यह हरियाणा का ट्रिकम ओर्गेनाइजेशन ही ऐसा है जोकि काबिले तारीफ है ।

श्री मूल चन्द मंगला : जो टूरिस्ट काम्पलैक्स हैं वहां पर अमीर आदमियों की ही ठहरने की व्यवस्था है लेकिन जो गरीब लोग है उनके लिये यहां ठहरने की कोई व्यवस्था नही है और न ही उनकी ऐकमोडेशन का ही कोई प्रबन्ध है क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि क्या ऐसे लोगों के लिय कोई व्यवस्था की जा सकती है ताकि गरीब लोगों को भी इन पर्यटन केन्द्रों से सुविधाएं प्राप्त हो सके?

कर्नल राव राम सिंह : जब से हरियाणा में जनता पार्टी सरकार ने टेक ओवर किया है, हमने बहुत से टूरिस्ट कम्पलैक्स बनाये है और अब हम कैम्पर्ज हट्स भी बना रहे है और हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने सोहना के बारे में जहां से नया चश्मा निकला है, आदेश दिये हैं कि यहां पर यात्रियों के लिये सभी प्रकार के प्रबन्ध किये जाए' और वहां पर पांच–सांत रूपये रोज के मामूली खर्चे से ठहरने का प्रबन्ध किया जाएगा और यह सारा प्रबन्ध बहुत जल्द ही करने जा रई है ।

कंवर राम पाल सिंह : मैं मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि जैसे जनता सरकार की तरफ से यह अभियान चलाया जा रहा है कि नशाबन्दी की जाए तो क्या टूरिस्टस काम्पलैक्सों में शराब की सेल बन्द करने का कोई विचार है?

कर्नल राव राम सिंह : जहां–जहां हरियाणा सरकार नशाबन्दी का एरिया डिकलेयर करती जा रही है वहां–वहां

शराबबन्दी की जाएगी । यह एक फेज्ड प्रोग्राम है जैसे कि ताउडू तथा सिरसा के कुछ इलाके हैं जो शराबबन्दी के लिये डिकलेयर किये गये है । इसी प्रकार जैसे–जैसे एरियाज शराबबन्दी के लिये डिकलेयर किये जाएंगे वहां शराब बन्द की जाएगी ।

श्री फतेह चन्द विज : स्पीकर साहब, मन्त्री महोदय ने बताया है कि कुछ नई जगहों पर टूरिस्टस काम्पलैक्स बनाने जा रहे हैं, क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगं कि क्या उनमें भी यह बार जारी रखी जाएगी या नहीं?

कर्नल राव राम सिंह : इस सवाल के साथ मेन सवाल का कोई संबंध नही है । जो काम्पलैक्स बने हुए हैं उनके बारे में सवाल पूछ सकते हैं । **चौधरी** खुरशीद अहमद स्पीकर साहब, खर्चे औंर इंकम की स्टेटमैंट वर्ष 1976 और 1977 में बताया गया है कि गुड़गांव सैटर में 4 लाख 91 हजार का खर्चा है और 5 लाख 27 हजार की आमदनी है इसी तरह से सोहना में 5 13 लाख का खर्चा है और 5 61 लाख की आमदनी है, इसी तरह से सूरज कु ड में 6. 73 लाख का खर्चा है और 7. 39 लाख की आमदनी है और मैगपाई में 3 28 लाख का खर्चा है और 3. 50 लाख की आमदनी है तो क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेग विय इस व्यू को देखते हुए कि जो दिल्ली के नजदीक सैंटर है वे सारे प्रोफिट में चल रहे है इसलिए इन्की एक्सपैशन करने का सरकार का कोई प्रोग्राम है?

कर्नल राव राम सिंह : माननीय सदस्य का यह बहुत अच्छा सवाल है । जहां–जहां इनमें प्रोफिट चल रहा है वहाँ–वहां अगले साल और डिवैल्पमैंट के प्लान बनाय जा रह है ।

श्री भले राम : मन्त्री' जी ने अभी बताया कि इन कम्पलैक्सों में घाटा है दया मन्त्री महोदय बताने की कृपा क्रेग' कि जो कन्सैशन एम0 एल. 0 एज0 और मिनिस्टरो को काफी वगैरह में मिलता है अगर उसको बन्द कर दिया जाए तो यह घाटा पूरा नहीं हो जाएगा?

कर्नल राव राम सिह : अगर सब एम0एल0एज0 साहिबान की ऐसी मर्जी होगी तो यह कन्सैशन बन्द कर देंगे ।

श्री टेक राम : मैं मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि भिवानी में जो काम्पलैक्स है वह घाटे में चल रहा है तो सरकार उसके बारे में क्या सोच रही है?

कर्नल राव राम सिंह : भिवानी के बारे में अगर स्टेटमैंट देखी जाए तो उसमें 197 6–7 7 में 3. 70 लाख का खर्चा है और 3 79 लाख की आमदनी है इस तरह से वह 9 हजार के फायदे में है ।

श्री देवी दास : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि सोनीपत के अन्दर जो काम्पलैक्स है क्या वहां ठहरने की पूरी व्यवस्था हे अगर नहीं है तो इंतजाम किया जाएगा?

कर्नल राव राम सिंह : यह एक सैपरेट सवाल है । इस वक्त मेरे ध्यान में नही है कि वहां पर ठहरने का इंतजाम है या नहीं । लेकिन उसके पास नेशनल हाई–वे पर जितने भी काम्पलैक्स हैं वहां पर ठहरने का पूरा इंतजाम है । अगर सोनीपत में भी डिमांड ज्यादा होगी तो वहां केलिये भीविचार कर लेंगे । लेकिन हमारा प्लान यह है कि काम्पलैक्स जितना भी कम खर्चे वाला हो वह बनाया जाए ।

स्वामी आदित्यवेश : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि दिल्ली के नजदीक जो पर्यटन केन्द्र खोले हुए हैं उनमें दिल्ली और गाजियाबाद के दस्यु प्रवृति के लोग ज्यादा ठहरते हैं । इस चीज को देखते हुए क्या उनको बन्द करने का कोई प्रोग्राम है?

(कोई जवाब नहीं दिया गया)

चौधरी गंगा राम : स्पीकर साहब, इस हाउस में दो–चार एम0एल0ए0 ऐसे हैं जिनके घर रोटी नहीं बनती क्योंकि वे छडे छांग है क्या आपकी कोई ऐसी स्कीम बन सकती है जिससे कि हमें वहां सस्ती रोटी मिल जाए? (हंसी)

(कोई जवाब नहीं दिया गया)

Share of Ravi-Beas Water

***263. Chaudhri Jagjit Singh Pohloo :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state the steps taken or proposed to be taken by the Government to take the

share of Haryana from the surplus Ravi-Beas water as per the decision of the Central Government taken in this regard in the year 1976 ?

Irrigation & Power Minister (Shri Verendar Singh) : Work on Sutlej Yemuna Link in Haryana is being executed on top priority to transport Haryana's share in the surplus Ravi-Beas waters. The matter is being pursued with the State of Punjab for start of work on the link canal and its early completion in Punjab territory.

श्री अध्यक्ष : पोहलू साहब यह मामला पहले भी कई दफा आ चुका है?

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : स्पीकर साहब, मैं टू दि प्वांयट ही पूछूगा । मैं वजीर साहब से पूछना चाहता हूंकि यह स्कीम पंजाब में कहां से शुरु होगी और हरियाणा में किस मुकाम पर मिलेगी?

श्री वीरेन्द्र सिंह : पंजाब में कीरतपुर के नजदीक एक गांव लोहंद है वहां से शुरू होगी और जो पंजाब का आखिरी गांव है उसका नाम है सरला कलां और जो हरियाणा का शुरू का गांव है उसका नाम है डगेरिया, वहां पर यह मिलेगी ।

श्री सुरेन्द्र सिंह : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे 'कि उस वक्त की केन्द्र सरकार ने जो हरियाणा का हिस्सा 3 5 मिलियन एकड फीट इस पानी में से तय किया था क्या आज की सरकार

तथा मुख्य मन्त्री उस फैसले को वाजिब समझते हैं या उस पानी को कम समझते हैं ।

Shri. Verendar Singh : That award is not negotiable That is final.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि नहर पूरी होने के बाद हरियाणा को जो पानी 'मिलेगा उस वक्त कौन–कौन से जिले को ज्यादा पानी मिलेगा?

श्री वीरेन्द्र सिंह : पानी के बंटवारे का जहां तक ताल्लुक है वह पानी उपलब्ध होने पर होगा ।

Veterinary Hospital

***254. Chaudhri Sant Kanwar :** Will the Minister for Develcpment and Panchayats be pleased to state -

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to open more Veterinary Hospitals in District Rohtak , if so, the time by which these are likely to be opened; and

(b) the steps, if any, being taken by the Government to convert the existing Veterinary Dispensaries in District Rohtak to Veterinary Hospitals, particularly, in Hassangarh constituency of District Rohtak ?

विकास तथा पंचायत मन्त्री (सरदार तारा सिंह) :

(क) जी नहीं ।

(ख) वर्ष 197 7– 78 में रोहतक जिले में 'डिस्पैसरी मंडौठी को हसनगढ पशु हस्पताल में बदल दिया गया है परन्तु रोहतक जिले के निर्वाचन क्षेत्र में किसी पशु डिस्पैसरी इत्यादि को बदलने का प्रस्ताव नहीं है ।

चौधरी संत कंवर : मैं मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि जिस गांव वाले स्वयं बिल्डिंग तैयार करके दे दे तो क्या वहां पर सरकार डाक्टर और दवाइयों का प्रबन्ध कर देगी?

सरदार तारा सिंह : यह तरीका तो ठीक है लेकिन इसके साथ–साथ हमें बजट में पैसे की प्रोवीजन को भी ध्यान में रखना होता है । अगर पैसा मंजूर न हो तो उस वक्त तक यह काम करना मुश्किल है ।

चौधरी लाल सिंह : मैं मन्त्री जी से पूछना चाहता हूं कि जहां पर लोग गरीब हैं और केवल पशुओं के सहारे गुजारा करते हैंवे बिल्डिग नही बना सकते क्या वहां पर सरकार खुद बिल्डिंग बनाकर डिस्पैसरी खोलेगी?

(कोई जवाब नहीं दिया गया)

चौधरी ईश्वर सिंह : क्या मन्त्री महोदय. बताएंगे कि जनता सरकार आने के बाद हरियाणा में कितने पशु चिकित्सालय खोले गये हैं?

सरदार तारा सिंह : जनता सरकार बनने के बाद नया हस्पताल तो कोई नहीं खोला गया लेकिन दस डिस्पैसरिया अप–ग्रेड की गई है जिनके नाम इस प्रकार है :– सोनीपत में बजाना खुर्द, रोहतक में मंडोठी, हिसार में अगरोहा, सिरसा में सुखचान, महेद्रगढु में जोड़ी, और स्टाकमैन सैटर्ज–अम्बाला में साहा, कुरुक्षेत्र में भार सहीदा, तथा हरिगढ भोरख भिवानी में बामला और जींद में लखन माजरा । इसके अलावा हम 20 डिस्पैसरिया 1978–79 में अप–ग्रेड कर रहे है ।

चौधरी संत कंवर : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि जो दवाईयां जरूरी होती हैं क्या वे डिस्पैसंरीज में मिल जाती हैं या जिन लोगों के पशु बीमार होते हैं, उनको खरीद कर लानी पड़ती हैं?

सरदार तारा सिंह : कुछ दवाइयां' मिलती हैं लेकिन कुछ दवाइयां ऐसी भी हैं जिनकी सारी कीमत हरियाणा सरकार नहीं दे सकती । 25 फीसदी हरियाणा सरकार देती है, कुछ जमींदार को देनी पड़ती है जो पशु का मालिक होता है और 50 परसैटं सैन्ट्रल गवर्नमैंट भी देती है । सारी दवाइयां हरियाणा सरकार नही देती ।

श्री लछमन सिंह : क्या मन्त्री महोदय फरमाएंने कि जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद, नई डिस्पैसंरीज खोलने के लिए, सरकार ने कोई प्रोपोजल, फाइनांस डिपार्टमैंट से पैसा लेने

के लिए भेजी है । क्या कोई प्रोपोजल गई है कि इतने हस्पताल हमने खोलने हैं?

सरदार तारा सिंह : यह क्वेश्चन सैप्रेट है । ऐनिमल हसबैडरी के लिए जितना बजट होता है उसी के मुताबिक स्कीम बनाई जाती है ।

Shri Lachhman Singh : This is not the reply to my question. My question is whether the Development Dapartment placed any proposal before the Finance Department, if so, for how many dispensaries ?

सरदार तारा सिंह : सैप्रेट नोटिस दें, मैं इसका जवाब दे दूंगा ।

Shri Lachhman Singh : This is not a separate question. the Hon. Minister may give the reply either in affirmative or negative.

श्री अध्यक्ष : आपने जवाब दियाहै कि पैसे की कमी की वजह से नहीं हो सकता, इसके बाद ये सवाल पूछें ।

Shri Lachhman Singh : I would seek your protection. The

reply from the Government is not at all satisfactory

Mr. Speaker : It appears that no proposal was made.

Shri Lachhman Singh : He should say it directly

that no proposal was made .

सरदार तारा सिंह : जितने पैसे बजट में अलाट होते हैं. उसके मुताबिक स्कीम बनती है । इसके इलावा और कोई स्कीम हमारे पास नहीं है ।

चौधरी हरस्वरूप बूरा : मेहम के अन्दर फलड के टाईम पर टैम्परेरी डिस्पैसरीज और सैन्टर खोले हुए थे । क्या मन्त्री महोदय बतायेंगे कि उनको परमानैटं करेंगे या कहीं दूसरी जगह शिफ्ट करेंगे?

सरदार तारा सिंह : फलड केदौरान कई टैम्परेरी सैन्टर खोले थे और जब फलड खत्म हो गया तो उनको बन्द कर दिया गया है ।

चौधरी राम किशन : जैसा कि मन्त्री महोदय ने बताया कि पशु चिकित्सालय हर डिस्ट्रिक्ट में बोले गए लेकिन जिला जींद को इससे महरूम रखा गया । मन्त्री महोदय ने लखनमाजरा को जींद का गांव बताया है । यह जींद डिस्ट्रिक्ट में नहीं लिया जाना चाहिए, यह तो रोहतक डिस्ट्रिक्ट का एक कस्बा है । क्या मन्त्री महोदय जीद में पशु चिकित्सालय खोलने पर विचार करेंगे?

सरदार तारा सिंह : जरूर विचार होगा । जो 20 डिस्पैसरिया हम दे रहे हैं, उन को खोलते समय जिला जींद का जरूर ख्याल करेंगे ।

कंवर राम पाल सिंह : मन्त्री महोदय ने बताया कि नई डिस्पैंसरीज खोलेंगे और वर्ष 197 8– 79 में कुछ को अप–ग्रेड करेंगे । मैं पूछना चाहूंगा कि जो नई डिस्पैसरीज खोलेंगे या अप–प्रेड करेंगे! उनको खोलने का क्राइटेरिया क्या हे?

सरदार तारा सिंह : कुछ पापुलेशन का हिसाब होता है, कुछ लोगों की डिमांड पर डिपैडं करता है और कुछ पशुओं का नम्बर देखते है कि पिछले साल में कितने पशु इलाज करवाने के लिए आए । इस तरह जरूरत के मुताबिक खोलते हैं और यही काइ– टेरिया है ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : स्पीकर साहब, देहातों में, वैटरनरी हौस्पिटल्ज की बिल्डिंग्ज बनवाने के लिए पंचायतों ने पैसा इकट्ठा करके दे रखा है और तीन–तीन साल से जमा कर रखा है । मिसाल के तौर पर जखौली गांव वालों नेपैसे दिए हैं । क्या सरकर वहां जल्दी बिल्डिग बनवाने की कोशिश करेगी, अगर नही बनानी है तो क्या वह पैसा वापिस दिलवायेगी? क्या जखौली गांव में बिल्डिग बनाने की कोई प्रपोजल हे?

सरदार तारा सिंह : बहुत जल्दी बनाने की कोशिश करेंगे । अगर कोई ऐसा गांव है, मेरे ध्यान में लाएं, विचार करेंगे ।

चौधरी देस राज : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे कि हरियाणा प्रान्त में इस साल कितने स्टौकमैन सैन्टर खोले जीएंगे?

सरदार तारा सिंह : मेरे पास लिस्ट है, अगर मेरे माननीय सदस्य चाहते हैं तो मैं पढ़ देता हूं लेकिन इसमें एक घंटा लगेगा ।

श्री मूलचन्द मगला : स्पीकर साहब, जहां दवाइयों का स्टाक रखते हैं, वहाँ दवाइयों के रखने का प्रबन्ध ठीक नही हे जिसकी वजह से दवाइयां खराब हो जाती हैं और 90 परसैटं दवाइयां ऐ सी होती है जिनकी डेट एक्सपायर हो जाती है । यह हालत पलवल में ही नही. सारी स्टेट में ऐ सी ही है जिसकी वजह से पशुओं को आराम नहीं होता । क्या मन्त्री महोदय दवाइयों के रखने की व्यवस्था ठीक करवायेंगे?

सरदार तारा सिंह : अभी तक मेरे नोटिस में ऐसी बात नही आई कि जो दवाइयां खराब हो गई हों, उनको इस्तेमाल किया हो । लेकिन मैं पलवल में गया हूं, वहां मुझे यह शिकायत मिंत्री कि स्टाक वाले कमरे की छत खराब है, उस छत को बनवाना चाहिए दवाईयों खराब होने को बात मेरे नोटिस में नही है ।

चौधरी हुक्म सिंह :देहातों में जो नई डिस्पैसंरियां खोली जाती है उनकी बिल्डिग अक्सर द्एहात वाले बनाते हैं । क्या मन्त्री महोदय बताऐंगे कि आगे के लिए इनको सरकार ही बनाये ?

सरदार तारा सिंह : जो नई डिस्पैसरीज बन रहीं हैं, इसमें दो बातें हैं । पहले स्टाकमैन सैन्टर बनता है, फिर डिस्पैसरी बनेगी और उसके बाद हास्पिटल बनता है । पहले बिल्डिंग गांव वालों को बनानी पड़ती है ।

श्री लहरी सिंह मेहरा : क्या मन्त्री महोदय बताएंगे किं जिन गांवों में डिस्पैसरी की बिल्डिग तैयार है, वहां पर डिसैंसरी क्यों नही खोली गई और इसका क्या कारण है?

सरदार तारा सिंह : मेंरे नोटिस में ऐसी' कोई बात नही लाई गई, अगर माननीय. सदस्य बताएंगे तो एक्शन ले लेंगे ।

चौधरी हरस्वरूप बूरा : जो सैन्टर खोले है और उन में जो डाक्टर देहातों में पशुओ को देखने के लिए जाते है, वे लोगों से फीस चार्ज करते है । क्या माली महोदय बताऐंगे कि क्या उन्होंने कोई फीस मुकर्रर क्र रखी है तभी वे चार्ज करते है या अपनी मर्जी से चार्ज करते हे?

सरदार तारा सिंह : गवर्नमैंट ने कोई फीस मुकर्रर नही की' और अगर कोई आदमी. फीस चार्ज करता हए तो मेरे ध्यान में लाएं, फौरन एक्शन लूंगा और सजा पूरी दिलवाई जाएगी ।

चौधरी उदय सिंह दलाल : स्पीकर साहब, पिछले 30 सालों से हरियाणा में जितनी वैटरनरी होस्पिटल बने हैं, इनको ब्लाक समितियों ने, ग्राम पंचायतों ने अपनी तरफ से पैसा इकट्ठा

करके बनवाया है, सारा पैसा गांव वालों से लेते हैं । क्या सरकार इस पालिसी को चेंज करेगी?

सरदार तारा सिंह : यह सैप्रेट क्वेश्चन हे, नोटिस दे दें ।

Income accrued from Auction of Shops

***275. Chaudhri Har Swarup Bura :** Will the Chief Minister be pleased to state --

(a) the total income accrued from auction of shops and licences given to Vendors at the Bus Stands in the State Depot-wise to Haryana Roadways during the year 1977-78; and

(b) whether the prices of articles and eatables meant for sale at the shops at Bus Stands are fixed by the Govt. or are being charged by the shopkeepers arbitrarily ?

मुख्य संसदीय सचिव (श्री जगन नाथ) :

(क) कथन सदन की मेज पर रखा जाता है ।

(ख) वस्तुओ की दरे उपायुक्तों की अध्यक्षता में जिला स्तर पर बनाई गई प्राइस कन्ट्रोल कमेटियों द्वारा नियत की जाती हैं ।

कथन

दुकानों की नीलामी तथा रेहड़ी वालों से प्राप्त किराया से डिपो वाइज वर्ष 197 7–7 8 की कुल आय –

रुपये पैसे

1. हरियाणा राज्य परिवहन, जीद 1,51,605. 82

2. हरियाणा राज्य परिवहन, हिसार

(1– 4– 77 से 3 1– 1–7 8) 6,17,535.30

3. हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी 2,53,631.00

4. हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक 7,14,331.05

5. हरियाणा राज्य परिवहन, रिवाडी 1,29,520.00

6.	हरियाणा राज्य परिवहन, करनाल	12,24,664. 00
7.	हरियाणा राज्य परिवहन, कैवल	2,32,822.00
8.	हरियाणा राज्य परिवहन, अम्बाला	5,26,796.00
9.	हरियाणा राज्य परिवहन, चण्डीगढ	12,265.00
10.	हरियाणा राज्य परिवहन, गुडगांवा	2,58,392.00
	कुल	41,23,562.17

चौधरी हरस्वरूप बूरा : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब को यह इल्म है कि बस अड्डे पर जो चीजें मिलती हैं वे शहर की वस्तुओं से ज्यादा मंहगी हौती' हैं?

श्री जगन नाथ : स्पीकर साहब, इसके लिए तो एक कमेटी बनई जातीं है जिसका अध्यक्ष डी0 सी0 होता है । इसके सदस्य एक तो जी0एम 0 होता है, एक सी0एम0ओ0 होता है और एक नौन–आफिशियल आदमी होता है । इन चार आदमियों की कमेटी' औवशन से पहले कीमते निर्धारित करती है । उसी हिसाब से ये चीजें बिकती हैं ।

चौधरी हरस्वरूप बूरा : अध्यक्ष महोदय, इस सवाल के जवाब में चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब ने 41 लाख के करीब आमदनी बताई है जबकि असलियत में करोड़ों की आमदनी बस अड्डों पर कुए ती है । क्या ये बताने की कृपा करेंगे कि इन शौप्स को औक्शन करने की बजाय हौसपिटैलिटी डिपार्टामैंट द्वारा चलाने का प्रबन्ध किया जाएगा?

श्री जगन नाथ : इस समय ऐसा विचार नही है । यह एक सुजैशन है, इस पर हम गौर करेंगे ।

श्री फतेह चन्द विज : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब यह बताएंगे कि इनको इस किस्म की कोई शिकायते मिंत्री हैं कि इन दुकानों पर जो चीजें बिकती हैं उनका स्टैन्डर्ड बहुत घटिया है? यदि मिंत्री है तो इन्होंने बस स्टैन्ड के दुकानदारों के खिलाफ कोई ऐक्शन लिया है?

श्री जगन नाथ : हम समय समय पर अफसरों को वहां भेजते है । मैं भी कई बार गया हू । हम इस चीज को सुधारने

की कोशिश कर रह हैं । क्योकि यह पुर! नी सर कर का बिगाड़ा हुआ ढांचा है इसलिए इसको सुधारने मे थोड़ी देर लगेगी ।

श्री मूल चन्द जैन : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी. यह बताएंगे कि जो कीमतें नीलामी से पहले कमेटी, जिसका जिक्र अभी इन्होंने किया है–, मुकर्रर करती है, उनकी. फैहरिस्त हर डिपो पर लटकाई जाती है?

श्री जगन नाथ : जी हां, हर दुकान पर लटकाई जाती है ।

श्री मूल चन्द जैन : क्या चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी यह बताएंगे कि अगर कोई दुकानदार न लटकाता हो तो उसके खिलाफ ऐक्शन लिया जाएगा?

श्री जगन नाथ : अगर कोई न लटकाता हो तो माननीय सदस्य हमें बताएं हम अवश्य ऐक्शन लेने ।

चौधरी देस राज : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब यह बताने की कृपा क रेंगे कि जो प्राईस फिक्स की जाती है उसका क्राइटेरिया क्या हे?

श्री जान नाथ : क्राइटेरिया तो कमेटी फिक्स करती है । वह सारे हालात को देख कर ही कीमतें फिक्स करती है ।

चौधरी भले राम : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब बताने की कृपा करेंगे कि बहुत सारे स्टालज के पर जो

पांच पैसे या दस पैसे वापस देने की बजाय एक गोली दे देते हैं, उसके 'लिए कोई गवर्नमेंट के'। हिदायतें है? (हंसी)

(कोई जवाब नही दिया गया ।)

चौधरी ईश्बर सिंह : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी जी यह बताएंगे कि इन स्टालज से जो आमदनी होती है उसे यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टैन्ड के सुधार पर ही खर्च करने की कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन है?

श्री जगन नाथ : ऐसी कोई स्कीम सरकार के विचाराधीन नही है ।

श्री मूल चन्द जैन : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब बताएंगे कि जैसे और दुकानों पर फूड इंस्पैक्टर जाकर देखते हैं कि 'किसी चीज में अडलटेरशन तो नहीं है, उसी तरह इन बस स्टैन्ड के स्टालज पर जाकर भी पिछले साल किसी फूड इंस्पैक्टर ने जांच की है और किसी के खिलाफ कोई ऐक्शन लिया गया है '?

श्री जगन नाथ : उस कमेटी में सी0एम0ओ0 होता है और उसे इसीलिए रखा जाता है ताकि वह समय समय पर जाकर देखे कि चीजें खराब हैं या सही हैं ।

श्री मूल चन्द जैन : क्या उन्होंने कभी इस बात को देखा?

श्री जगन नाथ : इसके लिए अलग नोटिस दीजिए ।

श्री भले राम : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी बताएंगे कि यह जो प्राईस होती है यह मार्किट प्राईस से कितनी ज्यादा होती है?

श्री जगन नाथ : वह कुछ ज्यादा होती है, इसमें कोई शक नही क्योंकि वहां के खर्चे को देख कर ही ऐसा किया जाता है ।

चौधरी लाल सिंह : क्या चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब यह बताएंगे कि बस स्टैन्डज के पर मुसाफिरों को उतरते और चढ़ते हुए जो स्क्रीन पिलाई जाती है उसको रोका जाएगा?

(कोई उत्तर नहीं दिया गया ।)

श्री लहरी सिंह मेहरा : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी बताने की कृपा करेंगे कि उनके पास कोई ऐसी शिकायत आई है कि बस अड्डे पर जो कीमतें लगाई होती हैं उनसे दुगुनी या तिगुनी कीमतें चार्ज कर ली जाती हैं?

श्री जगन नाथ : ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है ।

चौधरी गंगा राम : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब यह बताएंगे कि इन दुकानों में से यदि कोई दुकान हमारे रिटायर्ड फौजी चलाना चाहें तो उनको बोली देते वक्त कुछ रियायत देंगे?

श्री जगन नाथ : रियायत दी जा रही है ।

Bus Depot at Safidon

***242. Chaudhri Ram Kishan :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to set up a Bus Depot at Safidon, if so, the time by which it is likely to be set up ?

मुख्य संसदीय सचिव (श्री जगन नाथ) : इस समय सफीदों में उप डिपो खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है । लेकिन कुछ समय के बाद गौर करेंगे ।

Provision of Extra Facilities in the Buses of Haryana Roadways.

***288. Chaudhri Shiv Ram Verma :** Will the Chief Minister be pleased to state—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to provide more facilities to the passengers in the buses of Haryana Roadways, if so, the details thereof.

(b) the steps taken to ensure that the employees of Roadways behave properly with the passengers;

(c) the details of instructions if any issued by the Government for stoppage of the buses at the fixed bus stopping points; and

(d) the steps, if any, taken by the Government to ensure that the passengers get a bus to their destination after a short interval ?

मुख्य संसदीय सचिव (श्री जगन नाथ) :

(क) सवारियों को आरामदायक याता देने के लिए विभाग ने हाल ही मैं बसों के नमूनों में सुधार किया है । इन बसों में अच्छी अपहोल्सटरी लगाई गई है तथा लैगसपेस भी अधिक रखी गई है जिससे यात्री– सुगमता से बैठसकें । शीघ्र ही आरामदायक सीटों वाली नयी नमूने की एक्सप्रैस बसें भी चलाई जाएगी ।

(ख) समय समय पर चालक/परिचालकों को हिदायते दी जाती हैं कि वह यात्रियों से सद्व्यवहार करे । महा प्रबन्धक अपने कर्मचारियों के साथ समय समय पर बैठके करते रहते है और इन बैठकों में इन्हें बालियों के प्रति सद्व्यवहार से पेश आने के लिये कहा जाता है ।

(ग) चालक/परिचालकों को समय समय पर हिदायते दी जाती हैं कि वे बसे केवल निर्धारित बस अड्डों पर ही रोका करें ।

(घ) बसों में वृद्धि के कारण मार्ग पर बस सेवाओ में काफी वृद्धि हो गई है ।

चौधरी शिव राम वर्मा : अध्यक्ष महोदय, हमारी बहुत सी बसे ऐसी है जिनके शशि टूटे हुए हैं और खिड़कियां खड–खड करती हैं, बंद करने पर वे फिर खुल जाती हैं । सर्दी में तो वे सक से मारती हैं और गर्मियों में लू से मारेंगी । क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब इसका कोई प्रबन्ध करेंगे?

श्री जगन नाथ : उनका काफी प्रबन्ध किया जा रहा है । हमारे जो वर्क वहैस हैं वही पर वे ठीक कराई जाती है ।

श्री सुरेन्द्र सिंह : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी महोदय बताने की कृपा करेंगे कि यात्रियों की सुविधा के लिए जनता सरकार बनने के बाद बसिज के फलीट में और बसें जोडी गई है?

श्री जगन नाथ : आपने तो अपने समय में मारूति की घटिया बसों को जोड़–दिया था लेकिन हमने 200 के करीब. अच्छी बसें जोड़ी है । (विघ्न)

श्री सुरेख सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरे सवाल का जवाब नही आया । मैं यह जानना चाहता हूं कि जनता सरकार बनने के बाद कितनी बसे बसों के फलीट में जोड़ी गई? (विघ्न)

श्री जगन नाथ : बताया तो है कि दो सौ बसें जोड़ी गई । (विघ्न)

श्री सुरेन्द्र सिंह : कोई नही जोड़ी गई । मुझे मुख्य मंत्री जी ने रिटन जवाब दिया है कि कोई बस नहीं जोड़ी गई । (विघ्न)

श्री फतेह चन्द विज : अध्यक्ष महोदय, पहले बच्चों को यह सुविधा थी कि वे बसों द्वारा घर से स्कूल और स्कूल से घर आ जा सकते थे । मैं चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब से यह जानना चाहता हूं कि क्या वह सुविधा अब है या वापिस ले ली गई है क्योंकि देखा यह गया है कि बस वाले बच्चों के लिए बस को खड़ी नही करते?

श्री जगन नाथ : सुविधा तो है लेकिन माननीय सदस्य को अगर कोई ऐसी शिकायत है तोवे हमारे नोटिस मे लाएं, हम दूर कर देंगे ।

श्री बलदेव तायल : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब बताने का कष्ट करेंगे कि बसों के अन्दर जो ओवर लोडिंग होती है और जिसकी वजह से पालियों को बड़ा कष्ट होता है, उसको कब तक बंद कर देंगे?

श्री जगन नाथ : इसके लिए, अध्यक्ष महोदय, हम ज्यादा से ज्यादा बसे लगाने की कोशिश कर रहे हैं ।

चौधरी संत कंवर : अध्यक्ष महोदय, बसों की हालत इस वजह –से भी खराब है कि उसमें स्पेयर पार्टस ठीक तरह से नही डाले जाते और जो वर्कशाप इन्चार्ज हैं उन्होंने एक–एक लाख का

गबन किया है । पचास हजार का गबन हिसार में पकड़ा गया है ओर यह वही के कर्मचारियों ने पकडवाया है । मैं अध्यक्ष महोदय, चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी' साहब से यह जानना चाहता हूं कि जिन कर्मचारियों ने इस गबन को पकडवाया था क्या उनको कोई प्रोत्साहन दिया गया और जोइसके लिए दोषी थे, उनके खिलाफ कोई कार्यवाही की गई?

श्री जगन नाथ : स्पीकर साहब, जो दोषी होते हैं उनको सजा मिलती ही है और जो दोषी को पकडवाता है उसे इनाम भी मिलता है ।

श्री दीप चन्द भाटिया : स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब से यह पूछना चाहता हूं कि ये जो हिदायते करते हैं, निर्देश देते हैं, उनकी तामील. भी होती है या नही? (हंसी एव विघ्न)

श्री जगन नाथ : भाटिया साहब की शिकायत में कोई ऐसी खास बात नही है । मै और मेरे अफसरों के बीच में काम के बारे में ठीक समझौता है । ठीक तरह से काम हो रहा है ।

श्री दीप चन्द भाटिया : स्पीकर साहब, अगर यह गलत बात हो तो मैं रिजाइन करने के लिए तैयार हूं ।

श्री जगन नाथ : अगर ऐसी कोई बात है कि उनकी शिकायत पर कोई एक्शन न लिया गया हो तो मैं उसको ठीक करने के लिए तैयार हूं ।

श्री दीप चन्द भाटिया : मेरे सामने आपने टेलीफोन किसी काम के लिए किया । आपने पहले ही कहा कि ''साहब'' ऐसा करे । मेरी समझ मे नही आता कि मिनिस्टर ही ऐसे ढंग से बात करते है तो कैसे काम कर सकेंगे ।

श्री मूल चन्द जैन : चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब बताने की कृपा करेंगे कि ड्राइवर और कन्डक्टर के बिहेवियर के बारे में हर बस में एक कम्पलेंट बुक होती है, उन कम्पलेन्ट बुक में दर्ज की गई शिकायतें उनके नोटिस में आयी हैं, अगर उनके नोटिस में आयी हैं तो एक्शन क्यों नही लिया जाता? जो पैसेजर शिकायत करता है, डिपार्टमैंट की तरफ से उनको कोई भी जवाब क्यों नहीं दिया जाता है?

श्री जगन नाथ : आपने तो काफी लम्बा प्रश्न पूछ लिया, इसके लिए तो अलग से नोटिस दें ।

श्री अध्यक्ष : वे यह कह रहे है कि जो शिकायते आती हैं उनको खुद देखते हैं ।

श्री जगन नाथ : खुद क्या– देखूं । मैंने तो पहले खुद कम्पलेंट भी कीहुई है ।

श्री लछमन सिंह : जिस तरह से अभी भाटिया साहब ने कहा है कि इसी तरह की बात मैं भी सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं । मैंने चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब से आर्डर कराये कि फलां जगह से फलां जगह तक बस चलायी जाये लेकिन

वे आर्डर यों के यों ही रद्दी की टोकरी में डाल दिये गये, उन पर कोई एक्शन नहीं हुआ ।

श्री जगन नाथ : अगर ऐसो कोई बात है तो एक्शन ले लेंगे ।

कंवर राम पाल सिंह : कम्पलेन्ट–बुक में कम्पलैन्ट दर्ज हुई है । कन्डक्टर और ड्राइवर के बिहेवियर के बारे में कम्पलेन्ट लिखने के बावजूद भी उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाता है । अगर उनके परसनल नोटिस में यह बात है तो आपने क्या एक्शन लिया है और क्या लेने जा रहे है?

श्री जगन नाथ : समय समय पर एक्शन लिया गया और आगे भी लेने की कोशिश करे ।

चौधरी ईश्वर सिंह : स्पीकर साहब, मैं आपकी मार्फत चीफ पार्लियामैंटरी सैक्रेटरी साहब से पूछना चाहता हूंकि मेरा हल्का बोर्डर पर लगता है वहां पर न पंजाब की बसों की सुविधा है और न ही हरियाणा की बसों की सुविधा है क्योंकि दोनों स्टेटस का झगड़ा है, इसलिए इन हालातों को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए कोई प्रबन्ध करने का विचार है?

श्री जगन नाथ : वालियों की सुविधा का सरकार प्रबन्ध बराबर कर रही है ।

साथी अयोध्या प्रशाद : क्या मिनिस्टर साहब के नोटिस में यह बात है कि कई बसों में कम्पलेट बुक ही नहीं होती है और अगर होती है तो कई बार कंडक्टर मांगने पर भी नहीं देते हैं?

श्री जगन नाथ : ऐसा हो सकता है । ड्राइवर और कन्डक्टर शरारत कर देते हों ।

श्री शमशेर सिंह : क्या चीफ पार्लियामैन्टरी साहब बताने का कष्ट करे गे कि ट्रांसपोर्ट की परफोरमेन्स के बारे में जो मैम्बर साहिबान ने सवाल पूछै हैं उनको देखते हुए क्या सरकार पैसेन्जर टैक्स को वापिस लेगी?

डा0 मंगल सैन : यह कैसे रेलेवैन्ट हे?

श्री कन्हैया लाल पोसवाल : यह पूर्ण रूप से रेलेवैन्ट है क्योंकि लोगों को फैसेलिटीज नहीं दी जा रही हैए ।

चौधरी उदय सिंह दलाल : अभी चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब ने बताया कि जो शिकायतें आती हैं उनको दूर किया जाता है । मैं आपकी मार्फत एक मिसाल देना चाहता हूं, मैंने एक चिट्ठी सरकार को लिखी थी । जो लफ्ज उस कन्डक्टर ने कहे थे वे लफ्ज. भी मैंने लिजै थे । 25 सवारियों की टिकट कन्डक्टर ने नहीं काटी थी । मैंने उससे कहा कि टिकट क्यों नहीं काटता तो उसने जवाब दिया कि ''सरकार को क्या लौस होगा, मुझे भीतो पैसेकी जरूरत है, नौकरी चली जायेगी तो चली जाये, अगर आप नौकरी छुड़वा देंगे तो बड़ी मेहरबानी होगी'' लेकिन

आज तक महकमे ने इस बारे में कोई एक्शन नही लिया । इससे खराब बात और क्या हो सकती है?

श्री जगननाथ : अगर ऐसा किसी ने जवाब दिया है तो उस कर्मचारी के खिलाफ जरूर एक्शन लेगे । दूसरे हमारे कुछ अफसर रेड्डी कमीशन में फंसे हुए हैं इसलिए जवाब देने में लेट हो गये है ।

श्री जब नारायण : मंत्री महोदय ने बताया था कि दो सौ नयी बसें सरकार मंगा रही है । मैं चीफ पार्लियामैन्टरी सैक्रेटरी साहब से पूछना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्टवाइज कितनी–कितनी बसे दी जायेगी और रोहतक जिले को कितनी दी जायेंगी? श्री कान नाथ डिपो की इम्पोर्टैन्स के हिसाब से बांटी जायेंगी।

चौधरी खुरशीद अहमद : क्या मिनिस्टर– साहब के नोटिस में यह बात है कि सौ, सवा सौ बसों के बेंक–डाउन होते हैं, अषार ऐसा नहीं है तो मैं यह जानना चाहता है एग– जेक्ट स्टेटिक्स क्या हे?

श्री जगन नाथ : आप अलग से नोटिस दे दें जवाब दे दिया जायेगा । ज्यादा ब्रेक– डाउन का कारण यह भी है कि बाढ़ के कारण सड़के टूट गई हैं ।

श्री सुखदेव सिंह : जिस प्रकार से सरकार 'ने आठवीं 'कलास तक के बच्चों कौ फ्री लेवल करने की सुविधा दी हुई हैं,

इसी प्रकार से दसवी कलास के बच्चो को भो' बसों में फ्री ट्रेवल करने की सुविधा देंगे ।

(कोई उत्तर नहीं त्वया गया ।)

चौधरी राजेन्द्र सिंह : क्या चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब बताने का कष्ट करेंगे कि हरियाणा में कुल कितनी बसे ऐसी हैं 'जिन की लाईफ खत्म हो गई और फिर भी इस्तेमाल की जा रही हैं?

श्री जगन नाथ : लाइफ खत्म होने के बाद कोई चीज चलती नहीं है । लेकिन फिर भी नोटिस दे दें जवाब दे दिया जायेगा ।

श्री देवी दास : चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब ने कहा था कि चन्डीगढ से दिल्ली को जो नाइट सर्विस चलती है वह वाया सोनीपत नही जा सकती । मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि क्या मुरथल बस स्टैन्ड पर रोकने की कृपा करेंगे, अगर वहां बस रोकी जायेगी तो किराया चण्डीगढ से मुरथल का चार्ज कर लिया जाया करेगा?

श्री जगन नाथ : अलग से नोटिस दें ।

श्री ओम प्रकाश : हर गांव में लोग बस अड्डा चाहते हैं लेकिन बसें रुकती नही हैं । मैं चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब

से यह जानना चाहता हूं कि हर गांव में बस अड्डा बनाने या बस रुकवाने की क्या कंडीशन हैं, क्या क्राइटेरिया है?

श्री जगन नाथ : हरेक गांव में बस नहीं रोकी जा सकती ।

श्री अध्यक्ष : थोड़ा बहुत जवाब तो दे । आपका जवाब तो मैंने भी नही सुना ।

श्री जगन नाथ : मैंने सवाल ही नहीं सुना, जवाब क्या द् । मैंने साथ वाले से सुना है ।

Mr. Speaker : I think, this is the limit. This is not right. If a responsible Minister says that he has not listened to the question, how would he answer, this is not fair. If he has not listened .to. the question, he should ask the hon. Member to repeat the question.

श्री ओम प्रकाश : मेरा सवाल यह है कि कई गांव में बसें नहीं रूकती हैं । रोड पर गांव होते हुए भी बस नहीं रुकती है और उस सवारी को अगले गांव तक का किराया देना पडता है जब कि उसका गांव का जहां बस रुकती है आधा फरलांम का फासला होता है तो मैं यह जानना चाहता हूं कि जो' बस अड्डे बनाये हैं उनकी क्या कन्डीशन हैं और क्या क्राइटेरिया है?

श्री जगन नाथ : तीन मील की लिमिट होती' है । हर मील पर या आधा मील पर बस स्टैड मंजूर होते हैं इसलिए अगले गांव तक या पिछले गांव तक का किराया लिया जाता है ।

श्री ओम प्रकाश : मैं चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब से जानना चाहता हू एक मील या दो मील पर बस रोक दी जाये तो डिपार्टमैंट को क्या नुक्सान होता है?

श्री जगन नाथ : उस पर देखेंगे, गौर किया जायेगा ।

श्री मूल चन्द जैन : ट्रांमपोर्ट विभाग के ड्राइवरों और कन्डक्टरो की वार्किन्ग के बारे मे इतनी शिकायतें कुंए और हाउस में डिस्तैटिस फैकशन है तो क्या चीफ पार्लियामेंटरी सैक्रेटरी साहब इन शिकायतों को निपटाने के लिए कोई खास अफसर मुकरर करेंगे ताकि लोगों को दिक्कत न हो?

श्री जगन नाथ : अफसर पहले ही लगाये हुए है । फलाईग सुक्वैड है, जी0 एम0 है । वे समयसमय पर चौक करते रहे हैं ।

चौधरी लाल सिंह : क्या मन्त्री महोदय बतायेगे कि पिछली सरकार ने जो बसें रंग करके चलाई हुई हैं, उन लोगों के खिलाफ भी कोई एक्शन लिया जायेगा?

श्री जगन नाथ : उसको लिए रेड्डी कमीशन बैठा हुआ है ।

चौधरी संत कंवर : स्पीकर साहब यह बताया गया है कि आरामदायक यात्रा देने के लिय' विभाग ने हाल ही में बसों के नमूनों में सुधार किया है क्या चीफ पार्लियामेंटरी सैटक्रेरी बताने की कृपा करेंगे कि कितनी बसों के नमूनो में सुधार किया है? क्या जो दो सौ नई बसें आयेंगी वह सारी बसे नये नमूनों से आयेंगी या उनमें से कुछ ही बसे नये नमूने की आयेंगी?

श्री जगन नाथ : इसके लिये सैपरेट नोटिस चाहिए क्योंकि यह एक अलग सवाल है ।

चौधरी मेहर सिंह राठी : क्या चीफ पार्लियामेन्टरी सैक्रेटरी साहब यह बताने की कृपाकरेंगे कि रोहद और जाखोदा में जो 'कि 3– 4 मील के फासले पर हैं, वहाँ पर कहीं भी बस नहीं रुकती, इसके इलावा नून माजरा जो कि झज्जर रोड़ पर है वहारू पर भी बस नहीं रुकती, इसके बारे में हमने कई बार शिकायत भी की है, इसके बारे में कोई एक्शन लेने के लिये तैयार हैं?

श्री जगन नाथ : इसके लिए बार–बार हमने हिदायत दी हुई है । जहां तक शिकायत का ताल्लुक है, अगर कोई शिकायत करता है तो उस पर फौरन ही एक्शन लिया जाता है।

तारांकित प्रश्न संख्या 303

यह प्रश्न पूछा नहीं गया क्योंकि माननीय सदस्य श्री देवेन्द्र शर्मा इस समय सदन में उपस्थित नहीं थे ।

Consumption of Electricity

***340. Chaudhri Des Raj :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state the canal-wise and crop-wise total consumption of electricity on the pumps functioning on the canal running under lift irrigation scheme and the amount paid during the years 1974-75, 1975-76, 1976-77 by each pump in the State ?

Irrigation and Power Minister (Shri Verendar Singh) : A statement showing the canal-wise and crop-wise total consumption of electricity and the amount paid for each pump functioning en the canals running under lift irrigation schemes during the years 1974-75, 1975-76. 1976-77 is laid on the table of the house.

STATEMENT

Pump House No.	1974-75				1975-76				1976-77			
	Kharif		Rabi		Kharif		Rabi		Kharif		Rabi	
	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.	Exp. ,	Cons.	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.
Jui Canal Lift Scheme	Rs.	Unit	Rs.	Unit	Rs.	Unit	Rs.	Unit	Rs.	Unit	Rs.	Unit
JuiCanal PHI	146197	720305	250536	1014039	321070	1631421	250124	1858405	188096	790510	188314	105365
JuaCanal PH.II	97116	866220	200157	732442	225273	1069219	178086	1181606	168368	530658	146752	922391
Jui Canal P.H.III	110143	466821	164910	492810	227714	894075	161528	1051488	196733	560633	156259	838761
JuiCanal P.H.V.	73865	322680	111893	382696	152161	667851	69745	538947	108138	345124	98461	508342
JuiCanal P.H.V.	84464	318518	110234	358500	169689	763126	80805	685266	107151	369881	96061	571120
JuiCanal RUNT	66324	210045	95255	248265	142463	582140	65373	473487	93996	251790	78998	401470

Jul Canal	52508	90805	65535	92985	97703	276440	44380	211405	66949	95220	57730	213015
P.H.VI[.												
Main Canal.												
1. Lohru Canal	200420.3	750985	482093.16	100118 5	437039.61	139612 6	430263.55	393603 5	272024.2		1823930. 368035.65	168347
2. - 10-	223812.6	620309	424908.04	161218 3	419154.45	101202 8	409634.84	168673 4	279088.72	86933 5	432896.19	198408
3. - Jo-	172889.37	537291	378350.97	616239	432321.27	988507	408213.56	169218 6	306078.69	74474 9	313644.77	160928
4. Loharu Canal	177387.42	531322	378427.77	581546	183278.32	819808	335216.37	131703 7	247795.83	72632 6	391388.77	168874
5. - do-	189640.83	522285	323632.84	100939	339243.87	421966	270108.02	145634 9	424718.64	69751 2	341915.07	134628
6. -do-	151620.76	286770	285626.76	309900	274931.85	531285	224194.37	742040	196196.16	46207 0	307400.66	857897
7.	77591.3	88917	174327.7	157355	11471.8	239903	138863.8	514077	115391.7	26827	110066.7	565631

-do-	4		5		5		9			0		
8. -do-	40523.06	27328	41279.99	8247	47995.77	46744	69623.13	52995	48156.34	50025	52814.5	94448
Badhawana	Disty.											
PH 1 RD 46	69338.15	87660	9064603	163390	69748.5	165300	81054.23	321333	70955.2	67328	77699.2	112256
PH2 RD 62	118535.95	70750	76918.19	99090	65999.95	13492	70926.47	236880	51275.49	58530	83881.95	146500
PH3 RD 88	-	-	-	-	-	-	21578.85	610380	45280.8	107070	42544.35	23528
PH 4 RD 10250			-	-	-	-	9662.3	282262	22610.85	38290	21439.3	23402
G-I	-	-		-	-	-	10662.3	40680	20562.9	35440	18739.55	11900
G-II.	-		-	-		-	10617.5	30426	0'526.33	29252	17438.9	6590
-.Dudhuwa.	-			-	-	-	1043.42	9395	3119.04	3134	2669.97	2992
Kitlana Dish,.												

PH-1 RD 20	40403.25	24355	16953.2	7905	58880.55	128771	27417.45	159730	53242.4	114915	58849.9	97114
PH 2 RD 47	8098.25	743	5713.93		8630.39	-	6630.39	770	5330.02	670	5097.97	2957
SIWANI LIFT	IRR. SCHEME.											
1.- Siwani Feeder	Channel	Pumps.										
No.]	-	-	-	-			8492.89	33972	196555.73	1170747	85729.07	484375
No.2	-		-	-	-	-	42626.6	170505	110465	718520	68675.71	467820
No.3	-	-	-	-	-	-	7594.31	36377	104667.1	53450]	88744.12	218300
No. 4	-	-	-	-	-	-	-	-	77003.32	317709	85685.12	173950
No. 5	-	-	-	-	-	-	13012.01	52048	68844.62	314072	40534.27	38921
No.6	-	-	-	-	-	-	9672.95	38692	30547.55	30441	28813.83	3029
No.7	-	-	-	-	-	-	31450.81	125803	20973.52	48348	33399.26	4432

										4		
No.8	-	-	-	-	-	-	6652.05	26608	26287.7	19934	52617.68	9265
No.9	-	-	-		-		-	-	-	-	-	-
2. Deosar	Feeder Pumps.											
Rupana	-	-	-	-	-	-	8513.16	42565	15648.29	88024	10116.26	30009
Deosar	-	-	-	-	-	-	7924.92	39635	17099.96	115229	10475.59	37837
3. Nigana Feeder	Channel	Pumps.										
No.1	-	-	-	-	-	-	698.74	275840	76036.64	393840	93187.72	4064C0
No.2	-	-	-	-	-	-	785.74	15338	55687.17	267600	58215.85	2788C0
No.3	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1374.93	6017
No.4	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3586.99	245784
No.5	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	3529.37	126757

No.6 - - - - - - - - - - - -

Statement showing information regarding canal-wise total consumption of electricity on the pumps on Lift Irrigation Scheme and the amount paid during the year 1974-75,75-76 and 76-77.

S.No. Name of canal alongwith pump Houses	Year 1974-75				Year 1975-76				Year 1976-77			
	Kharif		Rabi		Kharif		Rabi		Kharif		Rabi	
	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.	Exp.	Cons.
1. Rewari Lift Irrigation Scheme												
श्री मूल चन्द जैन : उपाध्यक्ष महोदय, कायदा के यह. है कि जो स्टेटमैंट भई यहां पर पढ़ी जाए, वह टेबल आफ दी हाउस पर अवश्य आनी चाहिए।

चौधरी सतबीर सिंह मलिक : मैम्बर साहिबान के पास भी पहुंच जाएगी । उपाध्यक्ष महोदय, प्रचालन सम्बंधी विम को खुदढ तथा स्मर्थ बनाया जायेगा तथा आबकारी नियमों को ह्दढ़ता से लागू किया जायेगा । आबकारी अधिनिम के उपलब्ध की उलघना करने वालों को और कड़ा दण्ड देने के उद्देश्य से इस

अधिनियम में उपयुक्त सशोधन करने के लिये विधान सभा के आगामी सत में एक विधेयक लाया जायेगा ।

जो कोई खाना–यब शराबकसी या नाजायज शराब के बारे में सूचना देगा और कसूरवार लोगों को सूचना के आधार पर सजा होगी, ऐसे व्यक्तियों को सरकार की तरफ से इनाम दियर जावेगा ।

गैर सरकारी संकल्प सं0 1

गेहूं, कपास, चावल, गन्ना क्या दालों के उत्पादन परिव्यय के प्रश्न पर विचार करने के धिर –सदर की एह उच्चाधिकार समिति नियुक्त करने सम्बन्धी

श्री शमशेर सिंह (नरवाना) : उपाध्यक्ष महोदय. मैं निम्नलिखित प्रस्ताव पेण करता हू यह राज्य सरकार से सिफारिश करता है कि वह गेहू, कपास, चावल, गन्ना तथा दालों के प्रति किवटल उत्पादन परिव्यय के प्रश्न पर विचार करने के लिये इस सदन की एक उच्च प्राधिकार समिति नियुक्त करे जिसकी सहायता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों जिनमें किसान शामिल होगें द्वारा की जाए ।

वह राज्य सरकार से यह भी सिफारिश करता है कि वह उक्त समिति की सिफारिशो की रोशनी में उपर्युक्त प्रत्येक वस्तु की आधार–कीमत नियत करने के लिए केन्द्रीय सरकार से निचेदन करे ।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्रस्ताव जो है वह हरियाणा के सब से महत्वपूर्ण तबके के यानी किसान के बारे में है । किसान की प्रगति के लिये हरियाणा की– जनता सरकार बहुत लम्बे चौड़े वायदे करती है । मेरे इस प्रस्ताव में किसान की जिंदगी से ताल्लुक रखने वाले बहुत से अहम सवाल हैं । उपाध्यक्ष महोदय, आज. हरियाणा में जो खेती कि पेदावार की मुखतलिफ जिसे' हैं उनके भाव इस प्रकार मुकर्रर हुए हैं । गदम का भाव 110 रुपये प्रति क्विंटल, राइस कोर्स का भाव 78 रुपये प्रति क्विंटल, बासमन्त्री का 85 रुपये प्रति क्विंटल, अमरीकन कपास का भाव 265 रुपये प्रति क्विटल और जो दाले है उनमें से सिर्फ चने का भाव 125 रुपये प्रति क्विटल मुकर्रर किया गया है और बाकी दालों के भाव मुकर्रर नहीं किये गये हैं । इसके बाद शूगर–केन जो है वह साढे तेरह रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से हरियाणा के कोआप्रेटिव शूगर मिल हम से खरीदते है । उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा जनता पार्टी ने चुनाव के समय किसानों से बहुत लम्बे चौडे वायदे किये कि अगर वह ताकत में आ गई तो गे हूं का भाव 150 रुपये के हिसाब से दिलाएगी उन्होंने किसानों से इस बात का भी वायदा किया कि चावल का भाव 100 रुपये और गन्ने का भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से दिलाया जाएगा और कपास के बारे में 60 0– 700 रुपये क्विंटल के हिसाब से वायदा किया था । इसी' तरहं से किसान की खेती. में पैदा होने वाली जो अलग अलग किस्म की जिसें हैं उनके भाव दिलाने के बारे में इन्होने बड़े लम्बे चौड़े वायदे किये थें । इसके अलावा उपाध्यक्ष

महोदय, आज जो सरकार ताकत में है इसकी पार्टी के नेताओं ने चुनाव के पहले. बीच में तथा बाद में यह भी वायदा किया किं खेती खाडी में इस्तेमाल होने वा ली जो बहुत –सी चीजे है जिसमे मशीनरी', खाद. डीजल और इनसैक्टीसाइडज और दूसरी बेशुमार किस्म की चीजें है वे भी किसानों को सस्ते भाव पर उपलब्ध करवाई जाएंगी । लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, निहायत ही दुख की– बात है कि सत्ता में आने के बाद आजकी सरकार उन सारी बातों को भूल गई है । जो 1 50 रुपये प्रति क्विटल गदम का भाव दिलाने का वायदा था वह खोदा पहाड़ औंर निकला चूहा वाली बात हुई है । ये केवल पांच रुपये की बढ़ौतरी गदम के भाव में करवा सके और वह भी सिर्फ कागजों में उपाध्यक्ष महोदय, आपको भी इस बात का अच्छी' तरह से ज्ञान है कि हरियाणा की किसी भी मंडी में किसान को 108 या 107 रुपये से –ज्यादा उसकी गदम का भाव नही मिला है । चाहे सरकार ने गेहूं के ग्रेड का नाम लिया और चाहे और कोई बहाना लिया लेकिन मामला ज्यो का ज्यों ही रहा । कांग्रेस सरकर के राज में गेहूं का भाव 105 रुपये था ये उससे फालतू नहीं दिलवा सके । इसी तरह से उपाध्यक्ष महोदय, न सिर्फ गदम की ही बात है बल्कि गन्ने और कपास क जहां तक ताल्लुक है पिछले कई दिनों से इस हाउस में इस बात पर लंबी चोडी चर्चा हुई । जिस तरह से इन दो चीजों के भाव हरियाणा में और सारे देश में गिर रहे है उससे किसान को बहुत बड़ी हानि पहुंचने वाली है । गन्ने की आज यह हालत है कि जमुना नगर का सरस्वती मिल जब गन्ना पेलता था तो वहां

8 या साढ़े आठ रुपय से ज्यादा गन्ना नही खरीदा गया । मुझे कल ही किसी ने एक बात सुनाई कि दिल्ली में चौधरी चरण सिंह जी की कोठी पर यू 0पी 0 से बहुत से किसान गन्ने का सवाल लेकर आए । उन्होने इस बात का नारा लगाया कि 'गन्ने का भाव पौने छरू और चौधरी चरण सिंह की जय' शह नारा उन किसानों की आर्थिक और माली स्थिति की भावना को व्यक्त करता है । हरियाणा के किसानों की भी चाहे वे रोहतक के हैं, सोनीपत के हैं, पानीपत के हैं या करनाल. के हैं, बुरी हालत है और खास तौर से अम्बाला जिले की मिल की हालत बहुत खराब है । पिछले 20 दिनों से हजारों क्विटल गन्ना या तो किसान के खेतों में छिला हुआ पड़ा है या मिल के बाहर पड़ा सूख रहा है

सिंचाई तथा बिजली मन्त्री (श्री वीरेन्द्र सिंह) : उपाध्यक्ष महोदय, क्या ये रैजोल्यूशन. पर बोन रहे हैं, रैजोल्यूशन तो कमेटी की अप्वांयटमैंट के बारे में है ।

श्री शमशेर सिंह : गन्ने की कीमत के बारे में अगर कोई कमेटी बनानी है तो गन्ने की कीमत क्या है अगर यह बात कही जाती है तो इससे ज्यादा रैलेवैसी क्या हो सकती है? इसी तरह से उपाध्यक्ष महोदय, कपास खासतौर से सिरसा! हिसार और फतेह– बाद के इलाकों में ज्यादा होती है । सभी किसानों को पता है कैसे बुरी तरह से कपास के भाव क्रैश हुए हैं । आज कपास के भाव 150 से 200 रुपये प्रति विद–टल है जिसकी कोई दूसरी मिसाल नही है । किसान बेचारे पिस रहे हैं और यह

सरकार मूक आवाज. से गउओं की तरह देखती रही । कपास जिसके पर किसान को बहुत रुपया खर्च करना पड़ता है पहले उसे जमीन की तैयारी पर इतना खर्चा करना पड़ता है उस्के बाद स्प्रे करने के लिये और दूसरी चीजो में बहुत रुपया खर्च करना. पड़ता है । इसी तरह से. गन्ने की जो फसल है उसको किसान की धरती पूरे एक साल तक संभाल कर रखती है । इसके पर भी किसान को बहुत मेहनत करनी पड़ती है और बहुत मेहनत के बाद किसान को गन्ने की फसल मिलती है । जानता पार्टी की सरकार ने किसान को उसकी जिन्स का उचित भाव दिलवाने का वायदा किया था, लेकिन उचित भाव दिलवाने में बिल्कुल नाकामयाब रही है और इसकी वजह से किसान बेचौन हैं । खेतीबाड़ी की पैदावार बढ़ाने के लिए किसान को जिन चीजों की जरूरत है, जैसे फारेन मशीनरी की जरूरत पडती है, बाद की जरूरत पडती है, और कई दूसरी चीजे है, उन सब के ज्यादा भाव बढ़ गए है.....

श्री वीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, हाउस का टाईम वेस्ट हो रहा है, ये रैजोल्यूशन पर नहीं बोल रहे ।

वित्त मन्त्री (चौधरी सतवीर सिंह मलिक) : ड़ारके दिल में किसान के लिंए बड़ा दर्द हए. (व्यवधान)

चौधरी हरस्वरूप बूरा : डिप्टी स्पीकर साहब, रैजोल्युशन दो बातों के लिए है । एक तो यह है 'कि सिलैक्ट कमेटी बनाई जाए और दूसरी यह कि स्पोर्ट प्राईस फिक्स करने के

लिए सैन्ट्रल गवर्नमैंट को सिफारिश की जाए । मेरे दोस्त इन दो बातों पर बोलें तो अच्छा है । (व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : आप बैठिए, मैं रैजोल्युशन मूव कर देता हूं ।

Shri Verendar Singh : It is not in the purview of this resolution.

श्री शमशेर सिंह : मुझे बोलने तो दीजिए । ट्रैक्टरों की कीमते पिछले दस सालों में बदुत ज्यादा बढ़ गई हैं । अगर सरकार यह चाहती है कि किसान की आवाज बिलकूल न उठे, कोई उसकी आवाज न उठाए.....

चौधरी सतबीर सिंह मलिक : आज ये किसान के लिए आवाज उठाने वाले हो गए और जब 'किसान की नसबन्दी हुआ करती थी तब कहां थे, तब बिल्कुल भी शरमाते नहीं थे.. (व्यवधान)

चौधरी संत कंवर : डिप्टी स्पीकर साहब, अगला रैजोल्यूशन बहुत जरूरी है, इस को जल्दी ही निपटा दें, टाईम वेस्ट हो रहा है ।

श्री शमशेर सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, अगर वजीरों को इस तरह से इन्टरफीयरेंस करने के लिए अला0 करेंगे तो ठीक नहीं । मैं बता रहा था 'कि खेतीबाड़ी में इस्तेमाल होने वाली किस–किस चीज की कीमतें बड़ी हैं, ताकि जो कमेटी बनेगी वह

अच्छी तरह से समझ सके । पिछले पांच सालों में टैरक्टर की कीमत 10 हजार से बढकर आज 5 0– 60 हजार रुपये हो गई हे । खाद के एक थैले की कीमत 50 रुपये से 100 रुपये हो गई है । बिजली की दूर बड़ी, पैट्रोल बढ़ा है.....

श्री वीरेन्द्र सिंह : इसकी कोई रैलेवेंसी इस रैजोल्युशन के साथ नही है । (व्यवधान)

श्री शमशेर सिंह : किसानों को जो कर्जा दिया जाता है उसका व्याज 1 6 परसैट तक पहूंच गया है । आबयाने का रेट, बिजली कौ रेट कई गुना हो गया है । किसान को अपनी आजीविका के लिए जिन चीजों की जरूरत पड़ती है, जैसे लकड़ी है, साबुन है, तेल है, इनकी कीमतें इतनी ज्यादा बढ़ गई हैं जिसकी कोई हद नहीं । इन चीजों को ध्यान में रखते हुए किसान की जिन्स की कीमत मुर्कर करने के लिए, एग्रीकल्चर प्राईस कमीशन को जो भारत सरकार की एक एजैसी. है, उसको एप्रोच करें । यही एजेंसी. कीमतें निर्धारित करती हैं । एग्रीकल्चर प्राईस कमीशन., इंडियन कौसिल आफ एग्रीकल्चर रिसर्च और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, इनकी रिपोर्ट के आधार पर कीमत मुकर्रर करते हैं । उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से हाउस के सामने यह बात कहना चाहूंगा कि इन एजेंसियों में किसान की आवाज, जो असल में खेती. करने वाले हैं, कोई नहीं सुनता, इनकी कोई ''से'' नही होती । ये एजेंसियां किसान. की समस्याओ से बिल्कुल अनभिज्ञ हैं, इनको किसान की कठिनाईयों का बिल्कूल ज्ञान– नहीं है ।

(व्यवधान) किसान की फसल को कोई इन्शोरैसं कंवर नही करती । ओलों से, सर्दी से, बरसात से, किसी भी नैचुरल क्लेमिटी से बचने के लिए कोई इन्तजाम नही है । इसके मुकाबले में जो दूसरे व्यवसाय हैं, उन को ड्न्शोरेंस कवर करती है । उपाध्यक्ष महोदय., मैं यह भी कहना चाहूंगा ?? किसान का जो प्रोफैशन है वह हैंडीकैप्ड हैं और हैडीकैप की कंडीशन्क है जैसे खेतीबा डी की छोटी–छोटी चीजें खरीदने के लिए, एक–एक रुपये की. चीज ग्बरीदने के लिए दूर–टूर जाना पड़ता है । बीज. खाद और दूसरी. अन्य. चीजें खरीदने के लिए चा र पांच रुपये बस का किराया देना पड़ता है और सारी. दिहाड़ी खराब हो जाती है– ।

श्री उपाध्यक्ष : आप रैजोल्युशन पर बोले ।

श्री शमशेर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, किसान को जयने बच्चे पढ़ाने हों तो होस्टल में रखने पड़ते हैं, बीमारी का अगर इलाज करवाना हो तो दूसरी जगह जाना पड़ता है । कहने का मतलब यह है किं शहरों में जो दूसरे व्यवसाय हैं उनकी निस्वत किसान का व्यवसाय हैंडीकैप्ड है और ज्यादा खर्च करना पड़ता है ।

श्री वीरेन्द्र सिंह : रैजोल्युशन के मुताबिक कमेटी एप्वांयट करवाना चाहते है लेकिन ये पता नहीं किस सब्जैक्ट पर बोल रहे हैं । पूरी डायरी. लिख कर लाए हैं और उसको प्रत्य क्रना चाहते हैं ।

श्री मूल चन्द जैन : प्वायंट आफ आर्डर सर । क्या मिनिस्टर साहब इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं? अगर स्वीकर करते है फिर तो ठीक हैं, बनी इनको बोलने दे । किस लिए रुकावट डाल. रहे हैं? (व्यवधान)

चौधरी संत कंवर : 15 मिनट बोलते हो चुके हैं, दूसरे मैम्बरों को बोलने का भी मौका दे । (व्यवधान)

श्री शमशेर सिंह : ये जो जनता पार्टी के एम 0एल 0ए 0 हैं, जिस तरह से वे इन्टरफीयरेंस करना चाहते हैं, उसका मेरी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला, मैंने अपनी बात कहनी है, इससे डिगने वाला नहीं हू । हमारे पर इन बातों का कोई असर पड़ने वाला नहीं है (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि किसान की बड़ी हैडीकैप्ड कंडीशन्ज हैं । किसान जो पेदा करता है, आज– तक किसी एजेसी ने उसका तखमीना नहीं लगाया । किसी एजेंसी ने उसके हक में आवाज नही उठाई । किसान का सारा परिवार, किसान की बह–बेटिया सर्दी में, गर्मी में, नैचुरल कलेमिटीज में जमीन का काम करती हैं । इनकी मजदूरी, इनकी सुपरविजन के बारे में किसी ने आवाज नही उठाई, किसी एजेसी. ने कसीडर नही किया । जैसा कि मैंने अभी बताया कि किसान द्वारा इस्तेमाल करने वाली चीजों के भाव पिछले पांच–सात सालों में सौ गुना से पांच सौ गुना तक बड़े है । लेकिन किसान की अपनी पैदावार के भाव इन्क्रीज नही हुए । किसी एजेंसी, किसी यूनि– वर्सिटी ने इन बातों की तरफ ध्यान नही दिया । मैं सदन

को उदाहरण देकर बताता हूं कि खेतीबाड़ी व्यवसाय के अतिरिक्त 'जितने अन्य व्यवसाय हैं, जैसे दुकानदार हैं, ये जिन चीजों को बेचते हैं इन में बहुत सी सड़ जाती हैं, खराब हो जाती हैं, कई बिकती नहीं हैं । ये इन सब चीजों को ध्यान में रख कर ओवर–आल मार्जन रख कर चीजों की कीमत निर्धारित करते हैं और इकनोमिक्स निकालते हैं । लेकिन किसान के मामले में, खेती बाड़ी के मामले में, इनकी जिन्स के मामले में कोई इकनोमिक्स नहीं है, कोई 'हिसाब किताब नहीं है और इसका सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि पिछले दस साल में हरियाणा के किसान का बाल बाल. कर्जे के अन्दर बंधा हुआ है । आज कोई किसान ऐसा नही है जिसकी जमीन लैंड मौर्गेज बैक के पास या कोआप्रेटिव बैक के पास रहन न हो । आज टैरवटर के लिए, ट्यूबवैल के लिए, बीज के लिए और हर दूसरी चीज के लिए किसान को कर्ज लेना पड़ता है । तो उपाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सदन के सामने मैं यह बात रखना चाहता हूं कि किसान की जिन्स की जो कीमत है अगर वह पूरी होती तो ग्रीन रैवोल्यूशन की जो इतने सालों से शोर मचा हुआ है इसके बावजूद किसान का बाल बाल कर्जा में बंधे होने की जरूरत नहीं थी । आज, जैसा मैंने पहले कहा, किसी किसान के पास टैरक्टर खरीदने के लिए पूंजी नही है, ट्यूबबैल लगाने के लिए और जमीन की दूसरी प्रोग्रैसिव इम्प्रूजमैन्टस करने के लिए उसके पास पूंजी नहीं है । यह इस बात का सबूत है कि 'किसान को जिन्स का पूरा भाव नहीं मिल रहा है । दूसरी ओर आप देखें किसान की लिविंग कंडीशन में

कोई फर्क नहीं आया है । सारे हरियाणा में आज किसी भी किसान के घर में बाथ रूम नहीं हए, गुसलखाना नहीं है, लैट्रीन नहीं है या कोई दूसरी चीज नहीं है जिसमें बीमार माता या बूढ़ा बाप दिन या रात के वक्त अपने आप को ईज कर सके । उनके रहन सहन का तरीका, उनके कपड़े, बिस्तर और किचन आदि में आप भी । डिप्टी स्पीकर साहब, अच्छी. तरह से जानते हैं क्योंकि आप भी किसान है, पिछले 20–30 साल से कोई तबदीली नहीं आई है । इससे सिद्ध होता है कि किसान का व्यवसाय घाटे का व्यवसाय है । इसमे कोई फायदा नहीं है । इसलिए इस प्रस्ताव के द्वारा, उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकारी बचिज पर बैठे हुए साथियों और मिनिस्टर साहिबान से दरख्वास्त करता हूं कि इन बातों को देखते हुए यह जरूरी है कि इस हाउस के मैम्बरों की एक कमेटी बनाई जाए जो किसानों को, ऐक्सपर्टस को एसोशिएट करके इन सारी बातों का ध्यान रखते हुए यह निर्धारित करे कि प्रति क्विटल फलां फलां जिन्स पर किसान का कितना खर्च होता है । उपाध्यक्ष महोदय, इसका यह फायदा होगा कि हरियाणा के किसान को, किसानों के नुमायदों को, चाहे वे असैम्बली में हैं या पार्लियामैन्ट में है, आवाज उठाने के लिए एक ठोस, साइंटिफिक आधार मिलेगा । वे कह सकेंगे सरकार को, जनता पार्टी की थोथे वायदे करने वाली बहरी सरकार को, जो यह झूठे वायदे करती थी कि किसान को 1 50 रुपये का भाव दिलाएंगे, कि किसान को एक क्विटल जिन्स पैदा करने के लिए इतना रुपया खर्च करना पड़ता है । इन

शब्दों के साथ मै हाउस से रिक्वैस्ट करूंगा कि यह इस प्रस्ताव को अवश्य स्वीकार करे ।

Mr. Deputy Speaker : Motion moved—

This House recommends to the State Government to appoint a high powered Committee of this House assisted by experts from Haryana Agricultural University including farmers to go into the question of cosr of production of per quintal of Wheat, Cotton, Rice Sugar-cane and Pulses.

This House further recommends to the State Government to approach the Central Government to fix the support price of each of the above-said commodities in the light of the recommendations of the said Committee.

चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम) : उपाध्यक्ष महोदय, हाउस के सामने जो प्रस्ताव है, में उसका हृदय से स्वागत करता हूं और अपने फाजिल दोस्त चौधरी शमशेर सिंह जी का, जो यह रैजोल्पूशन लाए हैं, धन्यवाद भी करता हूं । उपाध्यक्ष महोदय, इसरैजोल्यूशन के अन्दर दो बातें कही गई हैं । एक बात तो हाई पावर्ड कमेटी के संगठन कीं. है और दूसरी बात यह है कि हमारी सरकार केन्द्रीय सरकार से इन चीजों की स्पोर्ट. प्राईस दिलाने के लिए प्रार्थना करे । मैं अपनी सरकार से यह दरख्वास्त करूंगा कि कमेटी नियुक्त करने के बारे में तो वह जैसा उचित समझे वैसा करे, मैं इस बात को ज्यादा स्पोर्ट नही करूंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि किसानों के लिए, जो 30 साल से पिसते आ रहे हें, उचित भाव दिलाने के लिए, स्पोर्ट प्राईस दिलाने के लिए यह

जरूर प्रयत्न करे । (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, गरीब किसान 30 साल से गरीबी और पिछड़ेपन से संघर्ष करते आ रहे हैं । सही मायनों में अगर हमें उसे स्वतन्त्र करना है, उसे अपने पांव पर खड़ा करना है, तो इस रैजोल्यूशन के पीछे जो भावना है स्पोर्ट प्राईस दिलाने की, उस हद तक सरका र को अवश्य मानना चाहिए क्योकि यह निहायत जरुरीं है । गरीबी से दबा हुआ तबका तभी पर उठाया जा सकता है जब उसे उसकी पैदावार का उचित भाव मिले । मैं अपनी सरकार से यह अर्ज करूंगा कि भाव जो हैं वे एक साल पहले मुकर्रर होने चाहिए ता कि किसान को पता हो कि मेरी फसल का भाव कितना है और उसके मुताबिक वह अपनी फसल की बिजाई कर सके । आज जो भी खेती बाड़ी के अन्दर चीजे इस्तेमाल होती हैं, जैसे बीज, खाद, बिजली, टैरक्टर आदि उनकी कीमतें बहुत मंहगी हैं लेकिन किसान की जो फसलें हैं, जिनका खास तौर पर रैजोल्यूशन में जिक्र किया गया है, वे बहुत सस्ती हैं ।

इसलिए इन समस्याओं को दूर करने के लिए यह जरूरी है कि स्पोर्ट प्राईस, हक उचित प्राईस, किसानों को दिलाई जाए । मैं उपाध्यक्ष महोदय, यह बात भी यहां पर जरूर कहूंगा कि जहां उचित भाव दिलाने के लिए किसानों का ध्यान रखा जाए वहां कंजयूमर भी अवश्य ख्याल रखा जाए । उपाध्यक्ष महोदय, यह बात भी मैं जरुर कहूंगा कि किसान की फसल के पर जो लागत आती है उसको देखते हुए उसको इतनी प्राईस मिलनी चाहिए कि

वह अपनी लागत भी पूरी कर सके और उसे निर्वाह करने के लिए म्उनाफा भी मिल सके क्योंकि इसके बगैर वही बात हो जाती है जैसे एक शेर है–

तंगदस्ती भी बुरी कसरते दौलत भी बुरी,

दोनों हालात में इस्मान बदल जाता हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय, किसानों की स्थिति इतनी डांवाडोल हो चुकी है कि इसको ठीक करने के लिए मैं अपनी सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि जिस हद तक मैंने शुरू में अर्ज किया है उस हद तक इस प्रस्ताव को जरूर मंजूर करें । आज मेरे किसान की हालत क्या हो रही है, भावों के प्रति, इसे मैं एक शेर के द्वारा दर्शाना चाहता हूं––

नित मर मर कं जी रहा हूं

जिगर की आग पी रहा हूं,

मुझे तो भाव की शिकायत है,

दवा सपनों की री रहा हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय, किसान सपनों के अन्दर देखता है कि मेरे भाव बढ़ेंगे । इसलिए मैं आनी सरकार से पुरजोर अर्ज करना चाहता हू कि यह जरुर सैटर से सिफारिश क ताकि उसे ज्यादा से ज्यादा स्पोर्ट प्राईस मिल सके ।

राव राम नारायण (साल्हावास) : डिप्टी स्पीकर साहब, **चौधरी** शमशेर सिंह जी ने जो रैजोल्यूशन पेश किया है, मैं इसका तदिहेल से समर्थन करता हूं और इनको मुबारिक–बाद देता हूं । इस रैजोल्यूशन की बहुत ही सख्त जरूरत थी लेकिन इसमें इतनी और ऐडीशन होनी चाहिए कि जो हाई पावर्ड कमेटी स्पोर्ट प्राईस वर्क आउट करे उस पर थोड़ा सा नफा लगा करके ग्रोअर्ज को वह कीमत मिलनी चाहिए । अगर किसी वजह से मार्किट में कीमत गिर जाती. हैं तो गवर्नमैंट अरेंजमैंट करे उस जिन्स को उस स्पोर्ट प्राईस पर खरीदने का ताकि ग्रोअर्ज को कोई नुकसान न हो ।

चौधरी रिजक राम (राई) : डिप्टी स्पीकर साफ, आज जो प्रस्ताव **चौधरी** शमशेर सिंह जी ने सदन के सामने रखा है उस पर हरेक सदस्य. को पूरा ध्यान देने की आवश्यकता हैं । चौधरी. शमशेर सिंह जी ने प्रस्ताव पेश करते हुए कुछ नुक्ताचीनी की आज की सरकार की नीतियों की । यह भी उन्होंने फरमाया कि सरकार ने चुनाव के वक्त ज्यादा कीमतें दिलाने के वायदे किये थे, उनको सरकार पूरे नहीं कर सकीं । उन्होंने फरमाया कि किसानों की हालत बुरी है, उन्हे उनकी जिन्स की कीमतें पूरी नहीं मिल रही हैं । मैं उनकी बहुत सी बातों पर इतफाक करते हुए दो–तीन बातें आपकी इजाजत से हाउस में रखना चाहता हूं । जब से देश आजाद हुआ, दुर्भाग्य से देश की सत्ता उन लोगों के हाथों में रही जो वैस्ट्रेनाइजड थे । मेरा कहने का मतलब इतना पोलिटिशियन से नहीं जितना सर्विसीज मे बैठे हुए लोगों से है ।

सर्विसीज में बैठे हुए लोगों में किसानों की और देहात के लोगों की नुमाइन्दगीं बहुत कम' है । डिप्टी स्पीकर साहब कई लोग योजना भवन या एग्रीकलचर कमीशन के दफतर में बैठ कर खेती के बारे में या कारखानेदारों के बारे अपनी नीत्ति निर्धारित करते रहे हैं ।

मैंने इस बारे में विचार करने की कोशिश की है और मुताएला भी किया । एग्रीकलचर प्राइस कमीशन के चेयरमैन धर्म–नारायण जी काफी अर्से से चले आ रहे हैं । डिटी स्पीकर साहब आपने भी 'किताबें पढी होंगी और मैंने भी पढ़ी हैं । उन किताबों को पढ्ने से पता लगता है कि एग्रीकलचर प्राइस कमीशन में जमींदारों की, किसानों की जिन्स की कीमत मुकर्रर करने वाले कैसे लोग हैं, उनके क्या विचार हैं? ए 0 एन0 खुशसे ने अपनी किताब ''डिवैल्पमैंट आफ एग्रीकलचर'' में एक आर्टीकल लिखा था । उसमें उन्होंने लिखा था कि देश आजाद होने के बाद जो कीमतें बढ़ रही हैं उनसे अगर देश को कोई खतरा है तो देहात की अनाज की पैदावार की कीमत बढ़ने से है । अगर इस पर रोक–थाम नही की गई तो इसके नतायाज बहुत हानिकारक हो सकते हैं । यह उन्होंने लिखा है । आगे उन्होंने सुझाव दिये हैं. कि देश की आर्थिक व्यवस्था को ठीक हालत में रखने के लिये यह आवश्यक है कि किसा नो की जिन्स की कीमतें कम से कम रखें । उन्होंने लिखा है कि जहां तक हो सके वे कीमतें मार्किट प्राइस से, प्रिवेलिंग प्राइस से कम रखी जायें । इतना ही नहीं

बल्कि उन्होंने कहा है कि जिन्स की कीमतें कम देने के अलावा किसानों पर टैक्स इतने लगाए जाएं कि उनसे ज्यादा से ज्यादा रुपया मिल सके । अगर उनके पास कुछ और रुपया बचे तो स्माल सेविंग के जरिए या और दूसरे तरीकों से उन लोगों से रुपया लिया जाए वरना देश की अर्थ–व्यवस्था को बड़ा खतरा हो सकता है । उन्होंने यह बात लिखी है । **चौधरी** शमशेर सिंह जी जोफरमा रहे हैं, उनके जजबात ठीक हैं । हम यहां देखते रहे हैं और मैं आपको भी बताना चाहता हूं कि जो नीति बनाने वाले हैं चाहे वे योजना भवन में बैठे है या कहीं और बैठे हें उन सब की यही कोशिश रही है कि किसानों की जिन्स की कम से कम कीमत दी जाए और उन पर ज्यादा से ज्यादा टैक्स लगाए जाएं । उसके पास किसी भी हालत में पैसा इकट्ठा न हो । मैंने उस सरकार में रह कर देखा है कि जो भी पालिसी वहां के चेयरमैन ने रखी है उसी पालिसीको कांग्रेस पार्टी बरतती रही है । कांग्रेस उस पालिसी पर चलती रही है कि किसानों की जिन्स की कीमत कम से कम रहे । **चौधरी** शमशेर सिंह जी ने गन्ने और दूसरी प्रोडेक्शन के बारे में फरमाया । डिप्टी स्पीकर साहब इस हाउसका कोई भी सदस्य इस बात को भूला नहीं है कि तीस साल तक फूड जोन बना कर चाहे वह चावल था, चाहे कोर्स येन था, चाहे गेहूं था सब को एक स्टेट से दूसरे स्टेट में जाने पर पाबन्दी लगी । यह सब इस गर्ज से किया गया कि किसान की जिन्स की कीमतें कम हो जायें । फूड जोन बनाये ताकि कीमतें कम से कम मिले । हरियाणा भी सरप्लस स्टेट है हरियाणा से पैड़ी, वीहट, कोर्स ग्रेन

दूसरी स्टेट को नहीं जाने दिया । नतीजा यह हुआ कि हरियाणा में जिन्स की कीमतें गिरीं । फूड जोन बनाने का मकसद यही था कि यहां कीमतें गिरे । आपने यह भी देखा होगा कि जब से सरकार ने कीमतें मुकर्रर करनी शुरू की उसी साल से जो प्रिवेलिग मार्किट प्राइस थी उसने बहुत कम कीमत मुकर्रर की है । 'डिप्टी स्पीकर साहब मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए आपके सामने थोड़ी सी. फीगर रखना चाहता हूं । सन् 196 5– 66 में पैडी की कीमत 36 से 45 रुपये मुकर्रर की गई जब कि मार्किट प्रिवेलिंग प्राइस 43 से 86 रुपये तक थी । सन 1960–67 में 39 से 45 रुपये तक कीमतें मुकर्रर की लेकिन मार्किट प्राइस उस वक्त 56 से 101 रुपये थी । सन् 196 7– 68 में 45 और 56 कें दरमियान मुकर्रर की जब कि मार्किट में कीमते 65 और 134 रुपये थी । इसी तरह से चावल की कीमतें 196 5– 68 में 66 से 76 रुपये तक सरकार ने मुकर्रर की थी लेकिन प्रिर्वोलंग मार्किट प्राइस 1 81 रुपये थी । सन् 1966– 67 में 64 से 76 रुपये रखी जब कि मार्किट प्राइस 218 रुपये थी । सन् 1967– 68 में 72 से 99 रुपये तक फिक्स की जबकि मार्किट में भाव 162 रुपये था गेहूं की जो कीमतें सरकार ने मुकर्रर कीं वे मार्किट प्राइस. से कम मुकर्रर की । सरकार ने फूड जोन्स ही नही बनाए बल्कि फूड येन की सिक्योरिटी वो कर्जे देने भी बन्द कर दिए, स्पैकुलेशन बना दी । मिल वालों को हिदायतें कीं कि ओपन मार्किट से नहीं खरीद सकेंगे । उन सभी जोन्स में कीमतें नीची रहीं । डिप्टी स्पीकर साहब यह कहने के।. तो कह सकते है कि जनता पार्टी ने यह

नदीं किया वह नहीं किया । क्या वे इस बात को भूल गऐ कि फूड जोन्स की वजह से एक– एक किसान को कितने का खसारा रहा और जिसकी वजह से कितने ही किसान आये साल गिरफ्तार हुए और उनके चालान हुए । सारी जिन्हें उनकी जबत होती थी । अभी पोहलू साहब कह रहे थे कि जमींदारों के घर–घर जाकर छापे मारे । जमींदारों के घरों से पुलिस अनाज निकालती थी । ये लोग इस बात को भूल गए हैं । कांग्रेस की. सरकार ने जो तीस साल तक किसानों के साथ जुल्म किया, अन्याय किया वह जनता पार्टी की सरकार ने सता में आते ही खत्म किया । फूड जोन्स की वजह से किसानों की जिन्स की कीमतें गिरीं थी उसको खत्म किया । (श्री पोहलू की ओर से विध्न) आप तो नौ मरीने वजीर बने रहे, मैंने बनाया था । अब चाहे कितनी ही खुशामदें कर लें, अब मिनिस्टर नहीं बन सकता । मुझे भी इतनी जल्दी भूल गया । जब भी मैं बोलता हूं तो यह जरूर इन्ट्रप्शन करता है, बीच में टोकता है ।

डिप्टी स्पीकर साहब कमीशन ने जो भाव मुकर्रर किये उनके बारे दे कहना चाहता हूं । क्रास के बारे में खास तौर पर कहना चाहता हू । हमारे हरियाणा प्रांत के हिसार, सिरसा और जीन्द के इलाके में काफी. मात्रा में कपास पैदा होती है । कहा नरमा । अमरीकन, मीडियम स्टैपल भी होती हु । लेकिन अभी दों–तीन. दिन हुए **चौधरी वीरेन्द्र सिंह :** ने एक स्टेटमैंट पढ़ी थी और उसको हाउस की टेबल पर रखा था । उन्होंने फरमाया था

कि किस तरह से हम कोशिश कर रहे हैं कि कपास की कीमत, जो सप ओर्ट प्राइस सरकार ने मुकर्रर की है वह बढ़ाई जाये । पोहलू साहब को बाद होगा कि सरकार ने जिस वक्त कीमतें मुकर्रर की तो हरियाणा के चीफ मिनिस्टर और पं जाव के चीप, मिनिस्टर हवाई जहाज से दिल्ली गये और सैन्टर की सरकार के सा मने पूरी' ता क्त लगाई और उनको समझाया कि आपने जो कीमतें मुकर्रर की है वह कम है । उन्होंने कहा कि ये कपास की कीमतें जो घटायी हैं, ये कारखानेदारों की वजह से घटा ई है । जो किसान को कीमतें कम मिंत्री हैं उसमें एक तरफ तो कारखानेदार हैं और दूसरी' तरफ सरकार में बैठे हुए लोग हैं, दफतरों मे बैठे हुए लोग हैं । वे कपास की. कीमत का तखमीना गलत देते हें ताकि सरकार को बाहर से कपास मंगाने क बहाना मिल जाये । हर दफा इजिप्ट, ईरान और दूसतए मल्लों से कपास मंगाते हैं, इम्पोर्ट क्रने है । वहां पर वे 600 रुपये और — 700 रुपय क्विटल के भाव से चेते हैं । हमारे हरियाणा और देश की जो कपास है उसकी जायज कीमत नहीं मिलती है, उसको देने में सरकार गुरेज' करती है । आपने देखा होगा कि काटन कारपोरेशन आफ इडिया के जो भी कार्यकर्ता हैं वे जान—बूझ कर कारखानेदारों से मिल कर किसानों के साथ हेरा—फेरी करते है । जिस वक्त कपास का सीजन होता है, जब कपास मार्किट मे आती है तो उस वक्त सी0 सी0 आई0 खरीदने के लिए नही अ—। ती. कुछ अर्से बाद जब पीक सीजन होता है तो कपास की कीमतें गिर जाती. है और कीर—तें गिरने के बाद सी0 सी0आई0 आती है ।

अन्दाजा यह है कि हजार बेल से ज्यादा जो कपास देश में किसान पैदा करता है, लेकिन सी0 सी0 आई0 को रिजर्व बैक आफ इंडिया और गवर्नमैंट आफ इंडिया दोनों 19 करोड़, 20 करोड़ या 25 करोड़ से ज्यादा पैसा कपास की खरीद के लिये नही देती. । इसका नतीज यह है ?? वह 1 5 प्रतिशत, 20 प्रतिशत कपास हें। खरीद पाते। है और बाकी– की– जो कपास है वह टेरडर्ज या मिल ओनर्ज सस्ते दाम पर खरीदते हैं । उस हालत में भी जबकि देश में काफी' पैदावार होती है, जानबूझ कर बाहर से कपास मंगायी जाती है ताकि कंपास का भाव मन्दा रहे और मिल–ओनर्ज को सस्ते दाम पर कास मिलती रहे । यह आज. की बात नहीं । यह पालिसी केन्द्रीय सरकार की' 30 साल से रही है । यह पालिसी 30 साल से केन्द्रीय सरकार बरतती. रही– है । जिसकी वजह से पंजाब के किसान और हरियाणा के किसान बिल्कुल तबाह हो चुके हैं । यही नहीं, डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात और कह कर खत्म करना चाहता हूं । आप – देखिये, बुराई करने के तो कुछ भी कर दें, नुक्ताचीनी करने के लिये तो कोई कुछ भी कह दे लेकिन पोहलू साहब को याद होगा और पता होगा 'कि एफ0 सी0 आई0 हरियाणा से बासमन्त्री चावल दो रुपये किलो पर खरीदतीं रही 1 97 3– 74 में और 197 4– 75 में दो रुपये किलो के भाव पर खरीदते'। रही है और हरियाणा की– सरकर ने वह चावल एफ 0 सी 0 आई 0 को 4 रुपये प्रति किलो के भाव से वेला, दो रुपये किलो का मुनाफा हरियाणा सरकार ने लिया फिर वही बासमन्त्री' चावल 1 1 रुपये किलो के भाव तक मुस्लिम

कंन्ट्रीज को बेचा गया । किसान को दो रुपये के दाम. दिये, सरकार ने उस पर दो रुपये किलो का मुनाफा कमाया और एफ0 सी. 0 औई 0 ने उसको बेचकर 7– 8 रुपये किलो का मुनाफा उठाया फिर आप कहते हैं कि जनता सरकार ने अपने वायदे पूरे नहीं किये ।

मुड का भाव गिर–गया, फलाना हो गया, वैसे तो अगर आप को सारी कार–करदगी जिस तरह सेरू अफसरान, दिल्ली की सरकार, –पिछली' कांग्रेस सरकार करती रही है, पता लग जायेगी तो मुझे यह विश्वास है कि. चौ–बरी' शमशेर सिंह जी कांग्रेस (आई) में तो रहेगे नहीं । (हंसी) कांग्रेस आई मे यह नही रहेंगे । यही नहीं, इस तरू से एफ 0 सी 0 आई 0 मुनाफा खाती रही है ।. मैं आपको यह वसूक के साथ कहता हूं कि हरियाणा की सरकार ने फरबरी, सत् –19? 4 – या 1 975 में यहां पर हरियाणा से बीज का बहाना लेकर गुजरात और महाराष्ट्र को गेहू बेचा और यह कहा गया किं हम बीज रूलाई – कर रहे है । वह गेहूं जो. 7 2– 76 रुपये किवटल के भाव से खरीदा गया था, 140 रुपये प्रति क्विटल कें भाव पर बीज भेजने के बहाने भेज गया उसमें उनके पार्टनर थे अमीर चन्द सिंगला जिनका अखबारों में और आपने नाम पढ़ा होगा । वह इसमें साझी था । उन्होने कई लाख रुपये का गेहूं रोहतक के स्टाक से दूसरी जगह भेजा (विध्न).. तो वहां गुजरात में नासिक की मंडियों में जाकर वह फरोख्त किया । नासिक के स्टेशन पर इस बारे में शोर पडा, उसके बारे

में पर्चे दर्ज हुए और पुलिन की जो इन्वैस्टीगेशन नायक साहब मुख्य मंत्री मनु। राष्ट्र के कराना चाहते थे वह इन्होंने रोक दी । इस तरह से सरकार ने लाखों रुपये टापने एजेंटों और चमचों से मिलकर कमाये जबकि वह गेहू जोकि 1 40 रुपये के भाव से वह—। पर बीज के नाम पर ले जाया गया जो कि यहां पर किसान से 7 2— 76 रुपये क्विटल के भाव से खरीदा गया था । आज यह जनता पार्टी की सरकार की नुक्ताचीनी करते हैं कि जाता पार्टी की सरकार किसानों के साथ इन्साफ नही करना चाहती । यह तो अंसलीयत और हकीकत से आंखें बन्द करना चाहते हैं । डिप्टी स्पीकर महोदय, यहां पर जो कीमतों का सवाल है, इसमें **चौधरी** शमशेर सिंह जी का जो रैजो— लूशन है, उसका एक और भी पहलू है 'कि कीमतों का जायजा लिया जाये और उसकी कास्ट आफ प्रोडक्शन के 'हिसाब से कीमते मुकर्रर की जाये । यह सवाल बड़ा टेढा है । इसमें कितनी ही बार हरियाणा सरकार ने कास्ट आफ प्रोडक्शन अपने एक्सपर्टस की मारफत, हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार की तरफ से और पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवसिटी, लुधियाना के जो एक्सपर्टस हैं, उनकी मार्फत निकलवायी है । सन 1964—6 5 में निकलवायी थी जबकि **चौधरी** राम किशन की मिनिस्ट्री थी । उस समय सरदार गुरनाम सिंह की चेयरमैनशिप में एक कमेटी मुकर्रर की थी उन्होंने गेहूं तथा और जिन्सों के बारे में छानबीन करके आनी रिपोर्ट दी । (विघ्न) अब भी हर साल सरकार अपने तरीके से एक्मपर्टस के द्वारा कास्ट आफ प्रोडक्शन का तखमीना लगवाकर सेन्ट्रल गवर्नमैंट को भेजती है, ए0 पी0

सी0 को भेजती हैं लेकिन **चौधरी** शमशेर सिंह इस तत से सहमत होंगे कि ए 0 पी0 सी0 इन कीमतों को ठीक नही मानता । उनका अपना नाप्तोल है किसके द्वारा वे कास्ट आफ प्रोडक्शन लगाते हैं । वह जो फैमिंत्री मैम्बर्ज की मेहनत है उसको कास्ट आफ प्रोडेक्शन में नही गिनता । जोकि–सान. का नुक्सान होता है वह भी' कास्ट आफ प्रोडेक्शन में नहीं गिनता

श्री उपाध्यक्ष : आपका समय हो गया है । आप जल्दी खत्म करें ।

चौधरी रिजक राम : बस मैं आखिरी बात कहकर समाप्त करता हूं । उपाध्यक्ष महोदय यह जो रेजोलूशन है और जिसमें कहा गया कि एक कमेटी मुकर्रर की जाए औरे उस कमेटी के द्वारा किए गए तखमीने को ए 0 पी0 सी0 मान ले । जहां तक जिन्सों की कीमत का सवाल है यह कोई इतना आसान काम नहीं है । इस देश में गरीब कंज्यूमर भी हैं उनमें गरीब लोग, छोटी तनखाह वाले कर्मचारी शामिल है और सरकार को उनका इंट्रैस्ट भी वाच करना पड़ता है । उनके इंट्रैस्ट को नजरअन्दाज नही किया जा सकता । डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कह रहा हूं किं आखिर इस समस्या को हल करने के लिए क्या पालिसी निर्धारित की जाए । आपके सामने जम्मू और काश्मीर की मिसाल है । वहां पर पिछले पच्चीस तीस साल से पचासपै से या चालीस पैसे किलो के हिसाब से चावल सप्लाई हो रहा है । 19 48– 49 से वहां पर सबसी– जाइज्ड राइस दे रहे हैं । मद्रास में भी ऐसा ही हुआ था

और वहां पर भी सबसीजाइज्ड चावल सप्लाई किया गया था । अगर इस देश में कोई पालिसी मुकर्रर हो सकती है जिससे किसान को पूरी कीमत भी मिल जाए, उसको कुछ मुनाफा भी दिया जाए और इसके साथ ही गरीब आदमी को सबसीजाइज्ड रेट पर अनाज दिया जाए । अनाज के बगैर कोई जिन्दा नहीं रह सकता । गरीब आदमी का ज्यादातर रुपया इस अनाज पर ही खर्च होता है । जब चीनी के लिए दो भाव यानी लेवी शूगर और की शूगर तथा और भी कई चीजें हैं जिनमें दो भाव हैं तो अनाज के दो भाव क्यों न दिये जायें । बड़े बड़े कारखानेदार जो शाम को चालीस रुपये की बोतल खरीद सकते हैं तो वे ज्यादा पैसे देकर अनाज भी खरीद सकते हैं । उनसे कोई भी कीमत ली जा सकती है । उनसे चाहे पांच रुपये का भाव ले लिया जाए, दस रुपए का भाव ले लिया जाये– । बहुत से कारखाने हैं जो अपने कर्मचारियों को सबसीजाइज्ड रेट पर चीजें सप्लाई करते है । प्लानिंग मिनिस्टर ने पहले एलान भी किया था और उनका विचार था कि असैनशियल कमोडिटीज के लिए दो तरह की कीमत होगी । एक बड़े आदमियों के लिए अलहिदा और छोटे आदमियों के लिए अलहिदा और किसानों को उनकी पूरी कीमत मिलेगी । ऐसा किए बगैर, डिप्टी स्पीकर साहब यह सरकार कभी भी किसान को पूरी कीमत उसकी चीज की नहीं दे सकती. क्योकिं सरकार गरीब आदमी के इट्रस्ट को कभी इग्नोर नहीं कर सकती । इतना कहकर मैं समाप्त करता हूं ।

श्री उपाध्यक्ष : अब सिंचाई मंत्री बोलेगे ।

सिंचाई तथा बिजली मन्त्री (श्री वीरेन्द्र सिंह) : डिप्टी स्पीकर साहब, श्री शमशेर सिंह ने यह रेजोल्यूशन मूव किया और इस प्रकार से अपना भाषण किया कि जैसे सारे मुल्क और हरियाणा के किसानों का दर्द उनके पास मौजूद है और यह शेर बिल्कुल ठीक बैठता है

सारे जहां का दर्द मेरे जिगर में है ।

बहिर्गमन

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : डिप्टी स्पीकर साहब, मुझे टाईम दीजिए मे कुछ सुजेशन देना चाहता हूं (व्यवधान) ।

श्री उपाध्यक्ष : अब मैंने मिनिस्टर को काल अपौन कर लिया है । अब वे बोलैगे (व्यवधान) ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : आप मुझे दो मिनट दे दीजिये–

श्री वीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं शुरू कर चुका हूं (व्यवधान).....

चौधरी हरस्वरूप बूरा : आन ए प्वांयट आफ आर्डर, डिप्टी स्पीकर साहब, जब मिनिस्टर महोदय ने बोलना शुरू कर दिया है तो किसी को भी टाईम न दिया जाए (व्यवधान) ।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : अगर मुझे बोलने नहीं दिया जाता तो मैं वाक आउट करता हूं ।

(इस समय **चौधरी** जगजीत सिंह पोहलू सदन से उठकर चले गए)

गैर–सरकारी संकल्प संख्या

गेहूं, कपास, चावल, गन्ना तथा वालों के उत्पादन परिव्यय के प्रश्न पर विचार करने के लिए सदन कीएक उच्चाधिकार समिति नियुक्त करने सम्बन्धी (पुनरारम्भ)

श्री वीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि किसान के सेन्टीमैंट का या किसान के हितों का जितना ख्याल इस सरकार को है उतना कांग्रेस को कभी नहीं था । जिस पार्टी से मेरे लायक दोस्त आए हैं उस पार्टी ने तो कभी भी किसान के हित के बारे में सोचा ही नहीं था । उनकी तबाही के लिए ये लोग जिम्मेवार रहे हैं । इन्होने तो किस! न के हित के लिए कमी सोचा ही नहीं था । चौधरी साहब, हमारे मुकाबले में लैडलार्ड जरूर है पर किसान के सैन्टीमैंट्स का किसान के हित का जितना ख्याल इस तरफ बैठे हुए लोगों को हो सकता है उस तरफ बैठे हुए साहिबान को नहीं हो सकता । उसका कारण साफ है और मेरे लायक्रू दोस्त ने खुद माना है कि देश को स्वतन्त्र हुए तीस साल हो गए लेकिन किसी किसान के घर में यूरिनल नहीं है, किसी किसान के घर में बाथरूम नही है, किसी किसान

के घर में सफेद चादर नही है, किसी किसान के घर में कोई अच्छी प्रकार की सीनरी नहीं है, कोई कारपैट नही है । डिप्टी स्पीकर साहब जनता पार्टी की सरकार को तो बने हुए अभी आठ ही महीने हुए हैं । इन सब बातों के लिए तो मेरे माननीय सदस्य ही जिम्मेदार हैं जो तीस साल तक किसानों को बहकाकर मजदूरों से लडवाते रहे और बड़े अफसोस की बात है कि कुछ दिन पहले श्री शमशेर सिंह बहुत अण्डे आदमी हुआ करते थे जब से कांग्रेस के बेन्चिज पर बैठने लगे पता नहीं क्या हो गया । मैं तो कहता हूं कि अब भी सम्भल जाओ । मैं अर्ज कर रहा था कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किसान के हित के साथ कितना जुल्म किया इसके बारे में डिटेल्ड रूप में हमारे मान– नीय बुजुर्ग सदस्य **चौधरी** रिजक राम ने काफी रौशनी डाल दी है । मैं ज्यादा डिटेल में नहीं जाना चाहता । मैं तो सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जनता पार्टी की सरकार के हकूमत सम्भालते ही चने का भाव 95 रुपए से 125 रुपए किया है । डिप्टी स्पीकर साहब, जनता पार्टी की सरकार ने हकूमत संभालते ही फूड जोनज को तोड़ा (तालियां) जैसे कि **चौधरी** रिजक राम जी ने बताया कि एक एजेन्सी भाव मुकर्रर करने के लिये है और जुरिसडिक्शन गर्वनमैंट आफ इंडिया की है और एक एजेंसी एग्रीकलचर प्राईस कमिशन है और उसके चेयरमैन ने एक किताब लिखी थी जैसा कि **चौधरी** रिजक राम जी ने हवाला दिया, उसके चेयरमैन को जनता पार्टी की सरकार ने मुकर्रर नहीं किया था जोकि इस किस्म की किताबे लिखता है डिप्टी स्पीकर साहब, **चौधरी** शमशेर सिंह ने यहां पर फार्मर्ज के

नुमाइन्दे का जिक्र किया । एक भूतपूर्व कांग्रेस एम0 पी0, **चौधरी** रणधीर सिंह जो बदकिस्मती से इस हरियाणा के ही रहने वाले है, एग्रीकल्चर प्राईस कमिशन में बैठे हैं, वह भी कांग्रेसी विचारधारा के थे, इसलिये वह भी किसानों के हित को नहीं देख पाये, ये जो जितनी बातें हैं इसकी पिछली सरकार जिम्मेवार है । वही सरकार, जिसकी यहां पर **चौधरी** शमशेर सिंह नुमाइन्दगी कर रहे है और फिर गिला हमारे साथ करते है । 1 क्य 15 साल की हमारी जनता पार्टी की हकूमत हो जाए, तो किसान के घर घर में बाथ रुम होगा, यूरिनलज घर घर मिलेंगे (तालियां) और आज किसान के चेहरे पर जो जरदी है, उसको सुरखी में बदल दिया जाएगा (तालियां) **चौधरी** शमशेर सिंह क्या बात करते हैं इस जनता पार्टी की सरकार से जो किसानों की पूरी तरह से हमदर्द है, मजदूर को, गरीब किसान को, छोटे व्यापारियो को, छोटे सरकारी कर्मचारियों को इस सरकार से ऐसी कोई ताकत नही है जो अलग कर सके (तालियां) चौधरी साहब आप की सरकार के वे काले कारन) में एक–एक आदमी को याद हैं, उनका एक इतिहास भी लिखा जाएगा और उसका रिकार्ड भी. बाकायदा तौर पर तैयार होगा । (विध्न) करनाल में तो लाखों पर जीतेंगे, आप क्या बात करते है–डिप्टी स्पीकर साहब, अगली बात जो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे दोस्त आज किसानों के हितों को भूल गये । कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अपने पिछले 30 सालों की हकूमत के दौरान किसानो की भलाई के. लिये 1 7 से 20 परसैन्ट तक भी खर्च नहीं किया लेकिन केन्द्रीय सरकार ने इस वर्ष अपने बजट में

किसानों की भलाई केलिये 40 परसैन्ट एग्रकिल्चर सैक्टर पर रवर्च करने का फैसला किया है लेकिन हरियाणा सरकार ही एक ऐसी सरकार है जिसने 70 से 75 प्रतिशत किसानों के लिये मौजूदा बजट में खर्च करने का प्रोविजन रखा है । (थम्पिग)

श्री शमशेर सिंह : यह दोनों ही फिगर्ज बोनस है ।

श्री वीरेन्द्र सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, ये लोग किसानो के हितों को क्या जाने । यह हरियाणा सरकार किसानों के हितों को पूरी तरह से प्रोटेक्शन देने के लिये जागरुक है और हम हर कीमत पर यह कोशिश करेंगे कि किसान को बढ़िया से बढ़िया भाव मिले किसान– के माथ कोई किसी किस्म का अन्याय नहीं होगा । जहां तक प्राईसिज का ताल्लुक है, सरकार जो अपनी तरफ से प्राईसिज रिकार्ड करके भेजती है चाहे, पलसिज की हों, या किसी और अनन की हो, उस के बारे सरकार यूनिवर्सिटी के एक्सपर्टस को कंसल्ट करती है, अपनी तरफ से सिफारिश अधिक भेजती है । यूनिवर्सिटी के एक्सपर्टस जो कास्ट प्राईस बताते है उससे अधिक सरकार रिकमेन्ड करके भेजती है तो मेरे ख्याल में ऐसा कोई अब औचित्य नही रह जाता कि इस हाउस की एक कमेटी बनायी जाए जो इस बारे में विचार करे । इस हाउस के 75 मैम्बर जो कि जनता पार्टी के हैं, इस सरकार के साथ हैं, सरकार पूरी तरह से जागरुक है ओर इस सरकार पर सब लोगों का पूर्ण विश्वास है कि सरकार किसानों के हितों को कभी नही भूलेगी इसलिये इस रैजोल्यूशन का अब फिर कोई औचित्य. ही नही रह

जाता । मेरे लायक दोस्त भी किमान हैं उनको भी बतौर किसान हमारे पर विश्शास करना चाहिये । डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहकर कि **चौधरी** शमशेर सिंह जी अपना रेज्योल्यूशन वापिस ले लें, आप का धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

श्री उपाध्यक्ष : क्या माननीय सदस्यगण अपना रेजोल्युशन 'विदड्रा करना चाहते हैं?

श्री शमशेर सिंह : नही जी, बाई वे आफ 'रिप्लाई मैं बोलना चाहता हूं ।

श्री उपाध्यक्ष : अच्छा आप बोलिये ।

चौधरी संत कंवर : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा यह प्वांयट आफ आर्डर है कि आप रूल 87 को देखिये, उसमें यह लिखा हए कि जिन्होंने प्रस्ताव पेश किया हो वे 15 मिनट तक बोलेंगे, इन्होंने पहले 1 5 मिनट तक बोल लिया है

श्री उपाध्यक्ष : अच्छा आप बैठिये ।

श्री शमशेर सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी ने यहां. पर बोलते हुए काग्रेंस सरकार की नीतियों, उनकी बातों की काफी नुक्ताचीनी की है, मैं उस सारी तफसील में नहीं जाना चाहता, मैं सिर्फ आपके माध्यम से इस सरकार के सामने यह कहना चाहता हूं कि मगरमच्छ के आंसू हम बहाते हैं या ये लोग

बहाते हैं इस का आज यह इम्तहान है । आज की स्थिति में जब ये लोग सरकार के अन्दर बैठे है तो इनको यह अधिकार हैं कि जो कुछ मजा कहें पर किसानों की– भलाई में ही यह बात जाती है किवे एक कमेटी बना दें, यह बड़ी इन्नोसैंट बात है सरकार के जिराफ नहीं है, चाहे वे अपनी जनता पार्टी के ही मैम्बरों की एक' कमेटी बता दें, उसमें कोई जरुरत नही 'विरोधी भाईयों के मैम्बरों को लेने की पर सरकार को यह पता है 'कि अगर सरकार इस प्रकार की कोई कमेटी बना देती है तो वह खुद नंगी होगी, एक्सपोज होगी। चौधरी रिजक राम जी ने कहा कि पहले फूड जोनज थे, फारवर्ड टेर डिंगज थी उन पर पाबन्दी थी और फायनेशियल कर्बज भी थे लेकिन मैं उन को यह कहना चाहता हूं कि वह स्पिति 'बिल्कुल मुखतलिफ थी फारवर्ड टेरडिंग और फायनेनशियल रिस्ट्रेक्शन्ज थे । पहले मिडल क्लास के व्यापारी 'किसान से अनाज खरीदते थे और उनसे आगे बम्बई कलकत्ता के बड़े बड़े व्यापारी अनाज खरीद कर मुनाफा कमाते थे, इस चीज को कर्ब करने के 'लिये फूड जोनज बनाये गये थे ताकि दूसरी जगह के बड़े बड़े व्यापारी उसका नाजायज. फायदा न उठाएं दूसरी बात यह थी कि उस समय अनाज की स्केरसिटी थी इस वजह से भी फूड जोनज बनाये गये थे पर अब स्थिति और है, देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, इसलिये फूड जोनज तोड़ दिये गये हैं । तो डिप्टी स्पीकर साहब मैं आपके माध्यम से यह दर्खास्त करूंगा कि इसमें कोई पार्टीबाजी का सवाल नहीं है, इसको सारे हाउस के मैम्बर साहिबान दिल से चाहते है, इसके

लिये किसी भी मैम्बर के पर कोई अंकुश लगाने का मतलब ही नही है, आप इस बात को मन्जूर करें और हाउस की एक कमेटी बनायें जोकि सिर्फ इस बात का फैसला करे कि किसान को एक क्विटल गन्दम पैदा करने पर कितना खर्चा करना पड़ता है, यह एक मामूली सी बात है, इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मैं दर्खास्त करूंगा कि इसको मान लिया जाए ।

Mr. Deputy Speaker : Question is—

This House recommends to the State Government to appoint a high powered Committee of this House assisted by experts from Haryana Agricultural University including farmers to go into the question of cost of production of per quintal of Wheat, Cotton, Rice, Sugar-cane and pulses.

This House further recommends to the State Government to approach the Central Government to fix the support price of each of the above-said commodities in the light of the recommendations of Cie said Committee.

The motion was lost

गैर–सरकारी संकल्प संख्या 2

राज्य वें पूर्ण नशाबन्दी लागू करने को सुगम बनाने हेतु प्रथम पग के रूप में राज्य में 21 वर्ष तक की आयु के सभी व्यक्तियों को शराब बिक्री तथा उनके पीने पर पाबन्दी लगाने सम्बन्धी

Mr. Deputy Speaker : The next resolution is in the

name of Shri Baldev Tayal. He may please move his resolution.

Shri Baldev Tayal (Hansi) : Mr. Deputy Speaker Sir, in view of the latest provision of law brought to my notice, I, with your and with the permission of the house, do not move my resolution.

Mr. Deputy Speaker : Alright.

The next resolution is in the name of Shri Hari Chand Hooda. He may please move his resolution.

गैर–सरकारी संकल्प संख्या 3

तहसील झज्जर के ब्लाक बेरी तथा गाइड के क्षेत्रों को औद्योगिक तथा आर्थिक रूप में पिछड़ा घोषित करने सम्बन्धी

चौधरी हरि चन्द हुड्डा (किलोई) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित प्रस्ताव करता हू डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने बेरी और नाहड के क्षेत्रों को सम्पन्न बनाने के लिये अपना प्रस्ताव रखा है । रोहतक ब्लाक में जो मसीद, मुकराली, छोटी मुकराली और चमारियाँ के इलाके हैं ये पानी ने तोड़ रखे हैं । यह एक आंखों देखा दृश्य. है । जो लोग गोहाने से रोहतक को जाते है तो रोहतक शहर में 8– 9 फुट का बंध लगा हुआ है और वहां 8– 9 फुट पानी खड़ा हो जाता है और उससे रोहतक ब्लाक के 1 क्य 1 1 गांव पानी में डूब जाते है इसलिये उनकी हालत भी नाहड तथा बेरी क्षेत्रों जैसी है । मैं यह चाहता हू कि. जो फ्लड इफैक्टिड एरियाज. है उनको सैल्फ सफिशिएंट बनाने के लिये सरकार प्रयत्न

करे तथा उनके अलावा जो और ब्ला क भी रेसे है उनकी तरफ भी ध्यान दिया जाए और पोलिटिकल खलूफा से मेरी. यह दर्खास्त है कि वे मसलें को उलझाने की बजाए सुलझाने में ज्यादा ध्यान दे वरना ऐसा न हो जैसे अखबार को जनता पढ़ कर रद्दी की टोकरी में फेंक देती हैं, ऐसा हशर न हो जहां तक इन ब्लाकों को सैल्फ सफिशिएंट बनाने की बात है यह कोई नई बात नही है । देहातो के लोग तीस साल पहले । आजादी मिलने से पहले सैल्फ सफिशिएंट रहे हैं । गांवों में खुदा का नूर भी है और खुदा का झूर भी है । गांवों में पुरानी दास्तां की झलक आज भी मिलती है । वेद और पुराणों की आज' भी गांव गांव में देखने को चर्चा मिलती है । गांवों के लोग 30 साल. पहले वैल प्लांड थे और वे सारी बातें खुद कर लेते हैं थे । उस समय कोई लम्बा चौड़ा ला भी नहीं होता था केवल एक ही सिस्टम था और वह था तागडी या पागडी. का । इस सिस्टम से गौरों के लोग सैल्फ सफिशिएंट रहते थे । उस समय किसान और दस्तकार की दस्तकारी का मेल जोल रहा है । सारा गांव अपना धंधा करता था और अपने बच्चों से मेल जोल रख कर कमाता और खाता था । यह सब कुछ गुलामी के बावजूद भी होता रहा ' लेकिन 30 साल पहले जो हकूमत आई वह हकूमत के साथ–साथ पार्टीशन भी. लाई । यहं कितनी बदकिस्मती' है कि देश में आजादी आये और हकूमत बदले और वहं हकूमत के साथ पार्टीशन भी लाए । उस पार्टीशन की वजह से कितने लोग बेकार हुए और 8– 10 लाख लोग मारे गये लेकिन इतिहास में उनका नाम भी नहीं रहा । यह जो इतिहास

बनाने जा रहे हैं इसकी जिम्मेदारी किस पर होगी? इसकी जिम्मेदारी जनता पर नही होगी । जो लोग पीछे चले गये वह तो चले. गये बोर इन तीख सालों में आजादी के बाद जो वाकायात हुए वह सारे पिछली हकूमत की वजह से हुए । पहली बात तो यह हुई कि गांवों में जो ईमानदारी तथा इन्साफ था उसकी सफाई कर दी गई दूसरे गांवों के किसान और मजदूर में एक तो खींचा तानी करवा दी और फिर उनके पर टैक्सों और कर्जों का इतना बोझ लाद दिया कि गांव का किसान निढाल. हो गया । गांव के दस्तकार की दस्तकारी का ऐसा सिस्टम बना दिया कि वह सिस्टम उसको खा ही गया । जैसे जुलाहे को टाटा खा गया, मोची को बाटा खा गया । कुम्हार को क्राकरी हाउस खा गया और सारे ही देहात में एक अंधेरा छा गया । अब यह जनता पार्टी अपने साधनों से, अपने विचारो से और जंपने बजट से एक प्रयत्न करने जा रही है । अच्छा तो यह है कि इस पार्टी को कुछ टाइम मिले इसलिये इस को उलझाया न जाए बल्कि इसे सुलझाया जाए । अगर ऐसा होगा तो सार देश को सुख का सांस मिल सकता है 1 अब मैं सैल्फ सफिशिएंसी के बारे में बात करूंगा किं यह जो बजट है जैसे पंचायतों के फंड आते हैं उसी तरह से सारे हरियाणा के जो फंड हैं उसे बजट कहा जाता है और इस बजट को हम फंडज भी कह देते हैं । ये जो लोग बैठे है ये हरियाणा की पंचायत हैं.....

चौधरी हरस्वरूप बूरा : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर हैं किं जो रैजोल्यूशन है वह बेरी तथा नाहड

के इलाकों को आत्म निर्भर बनानेके लिये औद्योगिक सुविधाएं देने संबंधी है लेकिन माननीय सदस्य और ही बातें कर रहे हैं ।

चौधरी हरि चन्द हुड्डा : डिप्टी स्पीकर साहब मैं अभी सैल्फ सफिशिएंसी की बात कर रहा था । यह बात मैं सब केरू लिये कर रहा था । जैसे हम बजट लाते हैं तो इसमें सब से बढ़िया बात तो यहहै किं ऐसी चीजों को हमें डिसैटरलाइज. कर देना चाहिये । पहली. जीत तो यह है कि किसी भी पैसे के लिंपे ईमानदारी की जरूरत है अपार हम। रें पास पैसा है– और ईमानदारी नहीं है तो क्या होगा ? वह उसी तरह से होगा जैसे पहले 30 साल. पैसा बर्बाद होता रहा है । मैं हाउस. के आनरेबल मैबर्ज से कहूंगा कि जहां भीं पैसा है उस पैसे की डिस्ट्रीबयूशन में कितनी ईमानदारी वे दिखाते हैं यह उसकी तसवीर होगी । अगर हमने ईमानदारी. दिखाई तब तो उसकी डिस्ट्रीब्यूशन ठीक होगी और अगर न दिखाई तोडिस्ट्रीब्यूशन ठीक नहीहो सकत्ती । डिसैटरलाइजेशन उसको कहते हैं कि फर्ज करो हम कोई पैसा जिलों में ले जाते है तो वह पैसा जिलों से ब्लाकों में जाए, ब्लाकों से गांवों में जाए और गांवों से गरीबों के घरों में जाए । ऐसा करने से बीच का जो मामला है वह खत्म हो जाएगा और इससे देश को सुख का' सांस मिलेगा । दूसरी बात मैं ब्लाकों के सिलसिले. में कहना चाहूंगा । जो हमारे ब्लाक हैं उनकी जो डिवैल्पमैंट करने जा रहे हैं, उसके लिए फार्मूला इस्तेमाल' किया जाए । फार्मूला दह है कि ब्लैक्स की जौ प्रौब्लम्ज हैं उनको हल

